Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित




दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच


RNI NO. UPHIN/2018/76874




वर्ष: 6 अंक: 291 | गुरूवार , 23 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह का पाक पर बड़ा बयान

# ऑपरेशन सिंदूर का दर्द अब तक नहीं भूला पाकिस्तान



**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान आज भी उस दर्द को नहीं भूला है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने हेतु भारतीय सेना में किए गए साहसिक सुधारों, जैसे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) पद के सृजन और हाइब्रिड युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान उस दर्द को नहीं भूला है और कहा कि युद्धों ने एक मिश्रित और विषम रूप धारण कर लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) की पुस्तक 'सिविल मिलिट्री फ्यूजन एज अ मेट्रिक ऑफ नेशनल पावर एंड कॉम्प्रिहेंसिव सिक्योरिटी' के विमोचन समारोह में भाग लेते हुए यह टिप्पणी की। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय सेना में किए गए ₹साहसिक और निर्णायक₹ सुधारों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का सृजन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि उन्होंने एक संकर और विषम रूप ले लिया है...पारंपरिक रक्षा दृष्टिकोण अब लागू नहीं होता...हमारी सरकार ने भविष्य के लिए तैयार और मजबूत सशस्त्र बलों के निर्माण के लिए कई साहसिक और निर्णायक सुधार भी किए हैं। ये सुधार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ हमारी सामरिक स्वायत्तता भी सुनिश्चित करते हैं। इन ऐतिहासिक कदमों में से एक था चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का सृजन। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने तीनों सेनाओं के बीच असाधारण एकजुटता और एकीकरण देखा... ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को चकनाचूर कर दिया है, और आज भी वह उस दर्द को नहीं भूला है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक को पढ़ने से मुझे जो मुख्य सीख मिली है, वह यह है कि नागरिक-सैन्य एकीकरण को केवल एकीकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रवर्तक के रूप में देखा जाना चाहिए... यह प्रक्रिया अब भारत में तेजी से आगे बढ़ रही है... हमने रक्षा विनिर्माण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

## दिल्ली का प्रदूषण तीसरे दिन भी बहुत खराब की श्रेणी में कायम



**नई दिल्ली।**

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को लगातार तीसरे दिन बहुत खराब श्रेणी में रही। हवा की गति फिर से कम होने से इसमें आंशिक इजाफा देखने को मिला। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार बुधवार शाम चार बजे दिल्ली का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 353 रहा। यह इस सीजन में अभी तक का सबसे अधिक दर्ज किया गया एक्यूआई है। मंगलवार को यह 351 जबकि सोमवार को 345 रहा था। आलम यह रहा कि बुधवार को दिन भर शहर में हल्की धुंध या यूं कहें कि स्माग की हल्की परत छाई रही। हवा की गति सात किमी प्रति घंटे से अधिक नहीं रही। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अभी आने वाले दिनों में भी प्रदूषकों का उचित फैलाव होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के वरिष्ठ विज्ञानी कृष्ण मिश्रा ने कहा, हवाओं की दिशा पूर्वी से पश्चिमी हो गई है, लेकिन गति कम बनी हुई है। रात में हवाएं लगभग शांत रहती हैं। दिन में उनकी गति केवल पांच से सात किमी प्रति घंटा तक ही पहुचती है। उन्होंने आगे कहा कि 27 अक्टूबर के आसपास एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है, लेकिन इससे ज्यादा वर्षा या हवा की गति में वृद्धि होने की संभावना नहीं है। गौरतलब है कि मंगलवार को हवा की गति कुछ देर के लिए बढ़ी, जिससे दिवाली के पटाखों से निकलने वाले उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली। हालांकि, मंगलवार रात तापमान गिरने के साथ ही हवा की गति फिर से कम होने लगी। केंद्र सरकार की वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) के पूवार्नुमानों से संकेत मिलता है कि दिल्ली का एक्यूआई शनिवार तक बहुत खराब श्रेणी में बना रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों तक यह खराब और बहुत खराब श्रेणी के बीच उतार-चढ़ाव कर सकता है।

**धीमी हवाओं ने बढ़ाई सांसों की मुश्किल**

## एक फ्रेम में साथ नजर आए संजय दत्त और जावेद जाफरी, फैंस को याद आई फिल्म 'धमाल'



**नई दिल्ली।** नावेद जाफरी ने अपने सोशल मीडिया पर संजय दत्त और जावेद जाफरी के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। जो उनकी पुरानी दोस्ती की याद दिलाती है। 'बूगी वूगी' शो से प्रसिद्ध हुए नावेद जाफरी ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर संजय दत्त और अपने भाई जावेद के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में संजय और जावेद को एक साथ देख कर फैंस को फिल्म 'धमाल' की याद आ गई। तस्वीर में संजय दत्त, जावेद जाफरी और नावेद जाफरी तीनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। नावेद ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'संजू भाई से मिलना हमेशा खुशी देता है। वो बहुत विनम्र और जमीन से जुड़े इंसान हैं। उनकी गर्मजोशी और सादगी कभी नहीं बदलती। उनके साथ बातचीत हंसी और सकारात्मकता से भरी होती है। विंदू दारा सिंह ने लिखा, 'वह (संजय दत्त) एक सुन्दर आदमी है जिसका दिल सुनहरा है', एक फैन ने लिखा, 'धमाल की याद दिला दी', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत खुशी की बात है, रब राखा', एक और फैन ने लिखा, 'जबरदस्त त्रिमूर्ति।' नावेद और जावेद जाफरी, रवि बहल के साथ, 90 के दशक में प्रसिद्ध डांस शो 'बूगी वूगी' में जज के रूप में मशहूर हुए थे।

इस शो ने भारत में डांस रियलिटी शो का ट्रेंड शुरू किया था। वैसे जावेद पहले से ही अपने डांसिंग स्टाइल के लिए काफी प्रसिद्ध हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के करीब, टैरिफ 16 फीसदी तक संभव



**नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका के बीच बहु-प्रतीक्षित व्यापार समझौते पर जल्द ही मुहर लग सकती है। मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिल सकती है। समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर वर्तमान में लगाए जा रहे भारी-भरकम 50 फीसदी टैरिफ को घटाकर 15-16 फीसदी तक किया जा सकता है। भारत और अमेरिका के बीच बहु-प्रतीक्षित व्यापार समझौते पर जल्द ही मुहर लग सकती है। मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिल सकती है। समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर वर्तमान में लगाए जा रहे भारी-भरकम 50 फीसदी टैरिफ को घटाकर 15-16 फीसदी तक किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत में ऊर्जा और कृषि प्रमुख केंद्र बिंदु हैं। सूत्रों ने संकेत दिया है कि इस डील के तहत भारत धीरे-धीरे रूसी कच्चे तेल के आयात में कमी लाने पर सहमत हो सकता है। अमेरिका ने रूसी तेल खरीद के कारण ही भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी का दंडात्मक शुल्क लगाया था, जो 25 फीसदी के टैरिफ के अतिरिक्त था। रूस से तेल आयात अभी भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 34 फीसदी है।

## शनिवार वाड़ा में नमाज मामले में दोषियों पर होगी कार्रवाई



**मुंबई।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि पुणे स्थित शनिवार वाड़ा परिसर में नमाज अदा करने के मामले में कानून के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर किसी के भी खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को पत्रकारों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत में कहा कि जो भी बिना अनुमति के कुछ भी करेगा, उसके खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे। यह मामला तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद सामने आया है।

## दिव्या अपार्टमेंट में लगी आग, चार फ्लैट जलकर हुए खाक

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के शक्ति खंड-दो में बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे एक अपार्टमेंट की बाकलनी में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आसपास के चार फ्लैट आग की चपेट में आ गए। बुधवार रात शक्ति खंड दो स्थित दिव्या अपार्टमेंट के चार प्लेट आग की चपेट में आ गए। समय पर लोग बाहर निकल लिए गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आठ पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया।

## तमिलनाडु में भारी बारिश से 1.46 लाख प्रभावित



**चेन्नई/शिमला/कुल्लू ।**

तमिलनाडु में लगातार हो रही भारी बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। चेन्नई में जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद तीन प्रमुख बांधों से पानी छोड़े जाने की घोषणा की गई है। तमिलनाडु में लगातार हो रही भारी बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है और कई जिलों में धान की फसल जलमग्न हो गई है। चेन्नई में जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद तीन प्रमुख बांधों से पानी छोड़े जाने की घोषणा की गई है। उधर, हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बुधवार तड़के मौसम ने करवट बदली। कुल्लू में झमाझम बारिश हुई और लाहौल में इस सीजन का दूसरा हिमपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्व अरब सागर में बना गहरा दबाव अगले 24 घंटे में उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ेगा। वहीं, तमिलनाडु तट के पास बंगाल की खाड़ी में बना एक और दबाव क्षेत्र भी अगले 12 घंटे में डिप्रेशन (अत्यधिक दबाव) में बदल सकता है, जिससे राज्य में और अधिक बारिश होने की संभावना है। चेन्नई जल संसाधन विभाग ने बताया कि चेम्बरमबक्कम, पूझल (रेड हिल्स) और पूंडी बांधों से एहतियातन पानी छोड़ा जा रहा है ताकि अतिरिक्त जल को समुद्र में सुरक्षित रूप से बहाया जा सके। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। राज्य के सबसे बड़े मेट्टूर बांध ने अपनी पूरी 120 फीट क्षमता हासिल कर ली है। बांध में 36,484 क्यूसेक पानी का प्रवाह जारी है, जबकि 35,741 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार बारिश के कारण विल्लुपुरम बस अड्डा पानी में डूब गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई बसें अड्डे के बाहर से ही चलाई गईं और यात्रियों को पानी से होकर गुजरना पड़ा।

## सजा केदारनाथ धाम...आज शीतकाल के लिए बंद होंगे मंदिर के कपाट




**रुद्रप्रयाग।**


मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया विशेष पूजाओं के साथ सुबह चार बजे से शुरू हो जाएगी। कपाट बंद होने के बाद बाबा की पंचमुखी डोली रात्रि प्रवास के लिए अपने पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। केदारनाथ मंदिर के कपाट बृहस्पतिवार को प्रातः 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। बुधवार को केदारनाथ भगवान की चल विग्रह पंचमुखी डोली को मंदिर के सभामंडप में विराजमान कर दिया गया। मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया विशेष पूजाओं के साथ सुबह चार बजे से शुरू हो जाएगी। कपाट बंद होने के बाद बाबा की पंचमुखी डोली रात्रि प्रवास के लिए अपने पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत बुधवार को भंडारगृह से चल विग्रह पंचमुखी डोली को केदारसभा के पदाधिकारियों की अगुवाई में मंदिर में लाया गया।

**सभामंडप में विराजमान हुई डोली**

## सांसदों के रहने के लिए बनवाए गए ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में साजिशन लगाई गई थी आग, पुलिस को संदिग्ध की तलाश

**नई दिल्ली।**

डॉ. बिशंबर दास मार्ग स्थित राज्यसभा सदस्यों के ब्रह्मपुत्रा अपार्टमेंट में लगी आग में जांच के बाद अब नया मोड़ आ गया है। जांच में पता चला है कि आग जानबूझ कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई थी। क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने आग बुझने के बाद जांच के बाद अपनी रिपोर्ट दी, जिसमें पता चला कि किसी संदिग्ध व्यक्ति ने जानबुझ कर उस इमारत में आग लगाई थी। दिल्ली पुलिस ने अपनी एफआइआर में भी यह बात लिखी है। फिलहाल, रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उस अज्ञात व्यक्ति की तलाश में जुटी है। ज्ञात हो 18 अक्टूबर की दोपहर करीब 1 बजकर 24 मिनट पर बीडी मार्ग स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना दमकल विभाग और नार्थ एवेन्यू पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर दमकल विभाग की 11 गाड़ियां पहुंच गई थी। इसके अलावा तीन एंबुलेंस और 8 पीसीआर की गाड़ियां पहुंचीं। लगभग एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया था। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। आग बुझाने के बाद मौके पर फायर विभाग के इंचार्ज राजेंद्र अटवाल मौके पर मौजूद थे। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल की टीम भी पहुंच गई थी। फिर मौके की जांच की गई।



## संपादक की कलम से

# जीवन बचाने की पहल


ललित शर्मा
संपादक

देश में यदि अंगदान हेतु जागरूकता व प्रेरणादायक राष्ट्रव्यापी मुहिम चलाई जाए तो हर साल हम लाखों ज़िंदगियां बचा सकते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि देश में इसके लिये सरकार व समाज के स्तर पर गंभीर पहल अब तक नहीं की गई। वहीं कई अंधविश्वास और धार्मिक रूढ़िवादिता के चलते लोग अपने परिजनों के निधन पर अंगदान करने से परहेज करते हैं। विडंबना यह है कि देश में दशकों से इस मुद्दे पर चर्चा करने के बावजूद आज दस लाख लोगों पर सिर्फ.0.9 अंगदाता हैं, जबकि एक छोटे से देश स्पेन का उदाहरण लें तो वहां यह दर तीस से ज्यादा है। यही वजह है कि जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों मरीज अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में मर जाते हैं। वहीं कई अन्य लोग अंग प्रत्यारोपण न हो पाने के कारण जीवन पर्यंत विकलांगता का जीवन जीने को अभिशप्त रहते हैं। इस राष्ट्रीय चुनौती को महसूस करते हुए केंद्र सरकार ने सभी अस्पतालों को अपने आईसीयू में अंग और ऊतक दान को प्रेरित करने वाली टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं। निश्चित रूप से यह जरूरी है और समय की मांग भी है। इस दिशा में दशकों से प्रयासरत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन एनओटीटीओ ने अब हर अस्पताल से ब्रेन-स्टेम डेथ कमेटी के सदस्यों और परामर्शदाताओं वाली एक समर्पित टीम बनाने का आग्रह किया है, जो मृतकों के परिवारों को इस प्रक्रिया में भागीदारी के लिये मार्गदर्शन करेगी। यह एक जरूरी कदम है क्योंकि समय पर परामर्श, जागरूकता और समन्वय के अभाव में हम उपयोग में आने वाले अंगों के दान से वंचित हो जाते हैं। हम अक्सर देखते हैं कि जब तक शोकसंतप्त परिवारों से संपर्क किया जाता है, तब तक अंग या ऊतक की पुनर्प्राप्ति का रास्ता हमेशा के लिये बंद हो चुका होता है। निश्चित रूप से इस दिशा में सार्वजनिक शिक्षा और पारदर्शी व्यवस्थाएं इस विश्वास की कमी की खाई को पाट सकती हैं। निस्संदेह, सरकारी निर्देश ही समस्या का समाधान नहीं है। कई अस्पतालों, खासकर छोटे शहरों में, अंग प्रत्यारोपण समन्वयकों, प्रशिक्षित आईसीयू कर्मचारियों और यहां तक कि अंगों के संरक्षण और परिवहन के लिये बुनियादी ढांचे का भी नितांत अभाव होता है। इस दिशा में गंभीर पहल न हो पाने के कारण अंग प्रत्यारोपण के मामले में निजी क्षेत्र के अस्पताल ही अभी आगे हैं, जबकि सरकारी अस्पताल इस दिशा में पिछड़ गए हैं। सरकारी अस्पतालों में अंगदान करने के लिये शोकसंतप्त परिवारों को प्रेरित करने के लिये प्रशिक्षण, संसाधन जुटाने तथा प्रोत्साहन के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन जुटाने की जरूरत है। जब वित्तीय मदद और अन्य सुविधाएं नहीं होंगी, तब सरकारी निर्देश भी इस दिशा में निष्प्रभावी रहेंगे। सबसे महत्वपूर्ण इस दिशा में लोगों का विश्वास अर्जित करना है। उन्हें बताना होगा कि मृत देह का यदि किसी को जीवन देने के रूप में उपयोग हो पाए तो वह ऋषिकर्म जैसा होगा। फिर खो चुके परिजन के अंग को भी वे इस कार्य से किसी अन्य शरीर में जीवंत रूप में देख सकेंगे। निस्संदेह, यह एक पुण्य का कार्य है जो मृतक परिजन की आत्मा को भी शांति देगा। विडंबना यह है कि भारत में आज भी अंगदान के विचार के साथ कई तरह के मिथक, भय और गलत जानकारियां जुड़ी हैं।

## डॉ प्रियंका सौरभ



## जिसका मन पवित्र, बस वही मित्र

कविता

मित्र वही जो साथ निभाए, दु:ख-सुख में मुस्काए,
हर जख्म पर मरहम रखे, आँसू भी मुस्कराए।
जो दिल से दिल तक बाँध दे, सच्चाई का चित्र,
पाखंड न जिसके मन में हो — वही सच्चा मित्र।

जो चुप रहकर समझ सके, हर पीड़ा, हर बात,
न बोले मीठे झूठ कभी, रखे सच्ची सौगात।
निर्मल जैसे गंगाजल, जिसका हो चरित्र,
जिसका मन पवित्र है, वही सच्चा मित्र।

जो राह दिखाए अंधियारे में, जब दुनिया हो वीरान,
जो थामे हाथ गिरने पर, करे दिल से सम्मान।
ना जाति, धर्म, ना स्वार्थ का कोई तंत्र,
मानवता जिसका धर्म हो — वही सच्चा मित्र।

जो ईर्ष्या-द्वेष से दूर रहे, प्रेम बने उसका मान,
जो दूसरों की खुशी में देखे अपना ही सम्मान।
ऐसे लोग ही अमर रहें, जग में छोड़ सुगंधित्र,
क्योंकि जिसका मन पवित्र — वही सच्चा मित्र।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## भाई-बहन को समर्पित अनूठा, ऐतिहासिक एवं संवेदनात्मक त्यौहार

# भाई दूज







वेलकम इंडिया


ललित गर्ग

भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। आज जबकि समाज रिश्तों की गर्माहट से दूर होता जा रहा है, जब व्यक्तिगत स्वार्थों और भौतिक लिप्साओं ने मानवीय संबंधों को हाशिये पर पहुँचा दिया है, तब भाई दूज का पर्व हमें रिश्तों की आत्मीयता, समर्पण और सुरक्षा के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व केवल एक पारंपरिक रिवाज नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस भावना का प्रतीक है, जहाँ भाई और बहन का संबंध केवल रक्त का रिश्ता नहीं, बल्कि आत्मीयता, श्रद्धा और अटूट विश्वास का जीवंत स्वरूप है। इसदिन भाई का बहन के घर भोजन करने का विशेष महत्व एवं लाभ है, उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है।

क्योंकि इसी तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो।

हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया।

यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं।

यह पर्व केवल यम और यमुनाजी की कथा तक सीमित नहीं है। भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चौकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। आज जब रिश्ते औपचारिकता बनते जा रहे हैं, भाई दूज हमें यह स्मरण कराता है कि सगे संबंधों को जीवित और प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए केवल व्हाट्सएप संदेश या उपहार काफी नहीं होते, बल्कि आत्मीय मिलन, संवाद और सम्मान जरूरी है।

इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि ह्यगंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़ेह्ल। एक और मंत्र है- ह्यसांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटेह्ल इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं। इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

भाई दूज रक्षाबंधन से इस मायने में भिन्न है कि जहाँ राखी में बहन रक्षा की कामना करती है, वहीं भाई दूज में वह अपने घर बुलाकर भाई की सेवा करती है और उसे भोजन कराती है। यह सेवा-संस्कृति भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा रही है। यह उस अहं को तोड़ता है जो अक्सर पुरुष प्रधान मानसिकता से जन्म लेता है। यह उस संबंध को पुनः प्रतिष्ठित करता है जो केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि संवेदनात्मक और परस्पर समर्पित है। भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की।

भाईदूज की परम्परा बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती। आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा। भाईदूज की परंपरा उन परिवारों में भी संबंधों को फिर से जोड़ने का अवसर देती है जहाँ समय, दूरी या विचारों के मतभेद से भाई-बहन के रिश्ते कमजोर पड़ गए हैं। भोजन केवल स्वाद या अनुष्ठान नहीं है, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो भाई-बहन के बीच संवाद को फिर से शुरू करता है, पुराने किस्सों की स्मृति को ताजा करता है, और दिलों को जोड़ता है।

आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि पर्व केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं हैं, बल्कि वे भारतीय समाज की आत्मा हैं, जो रिश्तों को अर्थ देती हैं, संबंधों में संवाद पैदा करती हैं और संस्कृति को पीढ़ियों तक जीवित रखती हैं। भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। भाई दूज केवल रस्म नहीं, रिश्तों का पुनर्जन्म है। आज जब समाज टूटन, तनाव और अलगाव से गुजर रहा है, भाई दूज जैसे पर्व रिश्तों के लिए एक सेतु बन सकते हैं- जो न केवल एक दिन का उत्सव हों, बल्कि जीवनभर के लिए संबंधों में स्थायित्व, मिठास और सुरक्षा भर दें।

# गरीबी की मार

वेलकम इंडिया

कुर्सी पर धम्म से बैठते हुए रामलाल ने अपनी जर्जर झोपड़ी की दीवार को टकटकी से घूरा, मानो वहाँ कोई अदृश्य दुश्मन छिपा हो जो उसकी मजदूरी के पैसे चुरा ले गया हो, और फिर थकी हुई आवाज में अपनी पत्नी सरला से बोला, ₹देख सरला, आज फैक्ट्री में सिर्फ सौ रुपये मिले, वो भी आधे दिन की हाड़तोड़ मेहनत के बाद, मालिक ने कहा कि मशीनें ज्यादा तेज चल रही हैं, इंसान क्यों नहीं? अब इस सौ रुपये से क्या होगा, दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से जुटेगी, और ऊपर से बिजली का बिल आया है, जो हमारी झोपड़ी को जलाने की बजाय हमें जला रहा है।₹ सरला, जो रसोई के कोने में बैठकर सूखी रोटियाँ गिन रही थी, ने सिर उठाया और मुस्कुराते हुए कहा, ₹क्यों जी, तुम तो शहर के इस चमचमाते जंगल में राजा हो, रोज सुबह निकलते हो जैसे कोई बड़ा अफसर, और शाम को लौटते हो जैसे कोई भिखारी, लेकिन क्या फर्क पड़ता है? चलो, मैं भी कल से तुम्हारे साथ फैक्ट्री चलूँगी, हाथ-पैर तो चलते हैं मेरे, कम से कम दो सौ रुपये तो हो जाएँगे, और बच्चे? वो भी स्कूल छोड़कर कुछ काम-धंधा सीख लें, आखिर ये सरकारी स्कूलें क्या सिखाती हैं, बस सपने दिखाती हैं जो कभी पूरे नहीं होते।₹ रामलाल ने हँसते हुए, लेकिन आँखों में छिपी पीड़ा को दबाते हुए जवाब दिया, ₹अरे सरला, तू क्या पगला गई है? ये शहर की हवा ने तुझे भी खराब कर दिया, फैक्ट्री में औरतें काम करती हैं तो क्या, लेकिन तू घर संभाल, बच्चे पढ़ें, वरना कल को वो भी हमारे जैसे मजदूर बनकर घिसटेंगे, मालिकों के जूते चाटते हुए।₹ तभी छोटा बेटा छोटू, जो बाहर से खेलकर आया था और हाथ में एक टूटा हुआ खिलौना थामे खड़ा था, बोला, ₹बाबूजी, मैं भी कल से काम पर चलूँगा, स्कूल में मास्टरजी कहते हैं पढ़ाई से बड़ा आदमी बनोगे, लेकिन बड़ा आदमी तो वो हैं जो फैक्ट्री चलाते हैं, हम जैसे छोटे लोग तो बस चलते हैं, क्यों न मैं भी चलूँ, कम से कम घर में चावल तो आएगा, वरना आज फिर दाल बिना नमक की बनी है।₹ सरला ने छोटू को गोद में खींचते हुए कहा, ₹हाँ बेटा, तू सही कहता है, ये शहर हमें सबक सिखाता है कि परिवार अगर साथ हो तो बोझ हल्का होता है, जैसे वो बड़े-बड़े नेता कहते हैं 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', लेकिन हमारे लिए तो 'एक परिवार, भूखा परिवार' है, चलो सब मिलकर काम करेंगे, मैं सुबह झाड़ू-पोछा करूँगी पड़ोस की कोठी में, तुम फैक्ट्री जाओ, छोटू कचरा बीनकर कुछ पैसे लाएगा, और बड़ी बेटी ललिता? वो भी सिलाई मशीन सीख लेगी, आखिर महंगाई का बोझ अकेले रामलाल क्यों उठाएँ, सब मिलकर उठाएँगे तो शायद जीना आसान हो जाए, वरना ये शहर हमें निगल जाएगा जैसे वो बड़ी-बड़ी इमारतें छोटी झोपड़ियों को निगलती हैं।₹ रामलाल ने सिर झुकाकर सोचा, उसके मन में व्यंजना उभरी कि ये परिवार की एकता कितनी व्यंग्यात्मक है, जहाँ गरीबी हमें एक साथ बाँधती है लेकिन अलग-अलग तोड़ती जाती है, और फिर उसने कहा, ₹ठीक है, कल से सब चलेंगे, लेकिन याद रखना, ये काम नहीं, मजबूरी है, जैसे वो सरकारी योजनाएँ जो कागज पर चलती हैं लेकिन जमीन पर ठोकर खाती हैं, हम भी ठोकर खाते हुए चलेंगे।₹ जैसे-जैसे बात आगे बढ़ी, झोपड़ी में हँसी की आवाजें गूँजीं, लेकिन वो हँसी व्यंग्य से भरी थी, जैसे कह रही हो कि ये जीवन एक बड़ा मजाक है जहाँ अमीरों की दावत में हम गरीब बस प्लेट साफ करते हैं, और फिर अचानक ललिता अंदर आई, उसके चेहरे पर थकान थी, वो बोली, ₹पापा, आज मैंने कोठी में काम किया, मालकिन ने कहा कि अच्छा काम किया, लेकिन पैसे देने से पहले पूछा कि क्या मैं पढ़ी-लिखी हूँ, मैंने हाँ कहा तो हँसकर बोलीं कि पढ़ाई से क्या फायदा, काम तो वही है, बस अब कल से मैं भी फैक्ट्री जाऊँगी, परिवार का बोझ सब मिलकर उठाएँगे।₹ रामलाल की आँखें नम हो गईं, लेकिन वो बोला, ₹हाँ बेटी, मिलकर उठाएँगे, जैसे वो पुल जो शहर में बनते हैं, सबके पैसे से, लेकिन टूटते हैं तो गरीबों पर गिरते हैं।₹ और फिर सबने मिलकर रात का खाना खाया, वो सूखी रोटियाँ जो व्यंग्य से कह रही थीं कि भूख का स्वाद कितना कड़वा होता है, लेकिन परिवार की एकता में मीठा लगता है, छोटू ने कहा, ₹बाबूजी, कल मैं सबसे ज्यादा कचरा बीनूँगा, ताकि घर में लाइट जल सके,₹ और सरला ने हँसकर कहा, ₹हाँ बेटा, लाइट जलेगी, लेकिन हमारी जिंदगी की लाइट कब जलेगी?₹ रामलाल चुप रहा, उसके मन में वो करुण सत्य उभरा कि ये सब व्यर्थ है, क्योंकि कल फैक्ट्री का मालिक फिर कहेगा कि मजदूरी कम है, महंगाई ज्यादा, और परिवार टूटकर बिखर जाएगा, बच्चे भूख से मरेंगे, और वो एकता जो आज हँसी में बँधी है, कल आँसुओं में बह जाएगी, जैसे नदी का पानी जो शहर की गंदगी में मिलकर जहरीला हो जाता है, और अंत में, रामलाल ने सोचा कि ये जीवन का सबसे बड़ा व्यंग्य है झ हम मिलकर बोझ उठाते हैं, लेकिन बोझ हमें ही दबाकर मार देता है, और उसकी आँखों से एक आँसू टपका, जो कह रहा था कि गरीबी की ये जंग कभी नहीं जीती जा सकती, बस हारी जाती है, दिन-ब-दिन, पीड़ा से भरी, करुण अंतहीन। **-डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# टिकटॉक : चीन की चालबाजी को दुनिया को समझना ही होगा


वीरेंद्र बहादुर सिंह

वेलकम इंडिया

टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस चीन में स्थित है। हाल ही में यूरोप में इस पर आरोप लगा कि यह यूजर्स की निजी जानकारी और डाटा चीन को भेज रही है। यह विवाद अब वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है।

आज दुनिया में एक तरह से युद्ध का माहौल है। हर ओर अराजकता, भ्रम और कोलाहल फैला हुआ है। इसी गहमागहमी के बीच एक अलग ही 'बायकाट' की लहर चल रही है। यह बहिष्कार है सोशल मीडिया एप टिकटॉक का। भारत तो पहले ही इस एप पर प्रतिबंध लगा चुका है, लेकिन अब अमेरिका में भी टिकटॉक पर बैन की प्रक्रिया जारी है।

अमेरिका के अरकांसास और इंडियाना के बाद यूटा राज्य ने भी टिकटॉक के खिलाफ मुकदमा दायर किया। आरोप है कि टिकटॉक बच्चों में सोशल मीडिया की लत पैदा कर रहा है और उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ बना रहा है। यूटा के गवर्नर स्पेन्सर काक्स ने कहा कि 'अगर ये कंपनियां हमारे बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाएंगी तो हम चुप नहीं बैठेंगे।'

अध्ययनों से पता चला है कि जो बच्चे रोज तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, वे मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं के शिकार होते हैं। मुकदमे में कहा गया कि टिकटॉक का एल्गोरिदम इस तरह बनाया गया है कि बच्चों को लगातार वीडियो की धारा में उलझाए रखे, ताकि वे इससे अलग न हो सकें।

विशेषज्ञों का कहना है कि टिकटॉक युवतियों में शरीर के प्रति नकारात्मक सोच फैलाने के मामले में इंस्टाग्राम से भी आगे निकल गया है। टिकटॉक का कहना है कि ऐसे वीडियो पर चेतावनी लगाई जाएगी, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इसका कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उपयोगकर्ता सेंसर से बचने के लिए शब्दों की वर्तनी बदल देते हैं या नए हैशटैग बना लेते हैं।

# गोवर्धन में घर घर पुजे गोवर्धन महाराज,गोवर्धन पूजा को उमडा श्रद्धा का सैलाब

वेलकम इंडिया

**मथुरा**। गोवर्धन में बुधवार को द्वापर कालीन यादें जीवंत हो उठी। गोवर्धन पूजा को आस्था का सागर उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालु भक्तों द्वारा गिरिराज जी की परिक्रमा और पूजा-अर्चना की गई।मंदिरों में आस्था के दीप जले और विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट भोग लगाया गया। बुधवार को सुबह से ही परिक्रमा मार्ग पर भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी। हर मार्ग पर भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज, हरे कृष्णा-हरे राम के मंत्रों की ध्वनि और फूलों से सजे झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरे परिक्रमा मार्ग में मानव श्रृंखला बन गई। तेरे माथे मुकुट विराज रहो व गिर्राज महाराज के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। क्षेत्रीय निवासियों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, बंगाल व विदेश से भी भक्त गिरिराज जी के दर्शनों की अभिलाषा लेकर आए। परिक्रमा मार्ग में भक्ति के विविध नजारे नजर आए। जिसको देखो वही भगवान की भक्ति में लीन थे। इस्कॉन के विदेशी महिला पुरुष भक्तों जब राधा कुंड मार्ग स्थित गोडीय मठ से बैंड बाजा की धुन पर हरे नाम संकीर्तन करते हुए सिर पर छप्पन भोग की छवरियां रखकर अन्नकूट प्रसाद लगाने निकले तो देखकर हर कोई हत प्रभ रह गया। मानसी गंगा मुकुट मुखारविंद मंदिर पर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने सुबह गिरिराज जी का पंचामृत से भव्य अभिषेक किया गया।मन्दिर के गिर की पौड़ी, मानसी गंगा घाट व मुकुट मुखारविंद मंदिर को रंग बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। जिसकी शोभा देखते ही बनती है। सायं को गिरिराज जी का भव्य छप्पन भोग अन्नकूट प्रसाद लगाया गया। गिरिराज महाराज ने सायं सुंदर पोशाक धारण कर बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई।







## डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण , लगा जाम

भीड़ का दबाव इतना था कि कस्बे के प्रमुख मार्गो पर भारी जाम लग गया।मानसी गंगा तिराहा, दसविशा, आदि है।डीग अड्डा जतीपुरा तिराहे पर एंबुलेंस फंसी रही।मथुरा रोड पर बंबे के पास वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया इसके बावजूद भी कुछ वहां अंदर प्रवेश कर गए।सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने एकता तिराहे पर बिगड़ी यातायात व्यवस्था को स्थानीय पुलिस के साथ स्वयं संभाला। पुलिस प्रशासन को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को दिक्कत ना हो मेले पर नजर बनाने के लिए डीएम एसएसपी खुद मौजूद रहे।डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार ने जतीपुरा मुखारविंद मंदिर बाजार आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थों को आवश्यक दशा निर्देश दिए। वहीं विधायक में मेघश्याम सिंह ने पूजा अर्चना कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## खास महल से निकाली शोभायात्रा में उमडा सैलाब

गोवर्धन में गोवर्धन पूजा के दौरान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुकुट मुखारविंद मंदिर मानसी गंगा के सेवायतों दसविशा ब्राह्मण समाज के द्वारा ढोल नगाड़े बैंड बाजा के साथ भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई। बुधवार को खास महल में समाज की एकत्रित हुई महिलाओं को छवरिया अन्नकूट प्रसादी दी गई। एक ही रंग के परिधान में सजी महिलाओं ने अपने सिर पर धारण कर शोभायात्रा में नाचते गाते हुए निकलीं तो माहौल भक्ति में हो गया। शोभा यात्रा में महिलाएं पुरुषों व बच्चे सज धज कर चल रहे थे।शोभायात्रा में श्री राधा कृष्ण की झांकी व कृष्ण बलराम की झांकी भक्तों का मन मोह रही थी। महिलाओं के साथ पुरुषों व बच्चों में भी भारी उत्साह देखा गया। शोभा यात्रा खास महल से शुरू होकर बजरिया, दसविशा, सोंख अड़ा , दानघाटी, बड़ा बाजार ,हाथी दरवाजा, चकलेश्वर होती हुई पहुंची। शोध यात्रा का स्थानीय निवासियों द्वारा जगह–जगह स्वागत किया गया। इस दौरान रिसीवर कपिल चतुर्वेदी, मैनेजर चंद्र विनोद कौशिक बंसी शर्मा गजेंद्र चौधरी, सुनील आदि उपस्थित रहे।

- मानसी गंगा मुकुट मुखारविंद पर श्रद्धालुओं ने की पूजा, निकाली भव्य शोभायात्रा
- गिरिराज महाराज ने सायं सुंदर पोशाक धारण कर बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए।
- इस्कॉन के विदेशी महिला पुरुष भक्तों जब राधा कुंड मार्ग स्थित गोडीय मठ से बैंड बाजा की धुन पर हरे नाम संकीर्तन करते हुए सिर पर छप्पन भोग की छवरियां रखकर अन्नकूट प्रसाद लगाने निकले तो देखकर हर कोई हत प्रभ रह गया।

# कलयुगी शराबी बेटे ने बाप की गला दबाकर की हत्या



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर**। नूरपुर थाना क्षेत्र के गाँव शाहनजरपुर कोट से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ एक शराबी बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपने 65 वर्षीय पिता मंगू सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी।इस जघन्य अपराध से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहनता से जाँच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मंगू सिंह अपने परिवार के साथ रहते थे। उनका पुत्र देवराज शराब का आदी है और अक्सर घर में झगड़ा करता था। आरोपी की पत्नी ललिता कुमारी ने बताया कि देवराज शराब पीकर उनके साथ भी मारपीट करता था और शराब न मिलने पर पिता से भी झगड़ता था। मंगलवार की रात मंगू सिंह और देवराज के बीच गन्ने और पेड़ बेचने को लेकर कहासुनी हुई। यह विवाद इतना बढ़ गया कि नशे में धुत देवराज ने अपने पिता मंगू सिंह का गला दबा दिया, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से नूरपुर थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह और चांदपुर क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व गोवर्धन पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया

वेलकम इंडिया



**मुरादाबाद**। जनपद के नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा, भोजपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमाँयुपुर, धारकनंगला, डिलारी, कालाझांडा, वोवदवाला आदि में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का पर्व गोवर्धन पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। घरों में गाय के गोबर से पशुधन के रूप में गाय आदि के प्रतिरूप बनाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। कृषक परिवारों में अपने प्रत्येक पशु के प्रतिरूप की पूजा अर्चना की गई। शास्त्रों में गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। जो सुख एवं समृद्धि प्रदान करती है। गोवर्धन पूजा के अवसर पर पशुओं को नहला कर सींगों एवं शरीर पर तेल लेपन कर सुसज्जित कर पूर्ण रूप से विश्राम दिलाया गया तथा गुड, चना, गेंहू का दलिया आदि के साथ पोष्टिक चारा आदि खिलाकर स्नेह के साथ दुलारा गया। वास्तव में यह पर्व प्रकृति, पशु और पर्यावरण के प्रति आभार जताने का पर्व है। इस पर्व को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है ।बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के क्रोध एवं अहंकार को तोड़कर ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाने की घटना का स्मरण कराता है। सनातन धर्मशास्त्र के अनुसार प्राकृतिक विपत्तियों से बचाव, अपने समाज एवं परिवार के कल्याण के लिए गोवर्धन पूजा करने का विधान बताया गया है।

# मंदिरों में हुआ अन्नकूट महोत्सव

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद/बुलंदशहर**। गोवर्धन पर्व के उपलक्ष्य में सभी मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्ति बद्ध बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर में, शनिधाम मंदिर परिसर में,मेन सदर बाजार स्थित शिव मंदिर में, गायत्री सत्संग भवन स्थित शिव मंदिर में, अग्रवाल धर्मशाला घासमंडी स्थित शिव साईं मंदिर में तथा अन्य अनेक मंदिरों में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। सभी मंदिरों में श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रृद्धालुओं ने पंक्ति बद्ध बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। परंपरागत तरीके से घरों में गोवर्धन महाराज की प्रतिमा गोबर से बनाकर श्रृद्धालुओं ने सांय काल पूजा अर्चना कर अपने परिजनों की कुशल कामना की मनौती मांगी।

# लब्धि व बुद्धि के दाता है महावीर के प्रथम गणधर गौतम स्वामी :- अध्यात्मश्रीजी मसा

वेलकम इंडिया





**बाड़मेर राजस्थान**। जैन धर्म के 24 तीर्थंकर, अहिंसा के अवतार श्री महावीर स्वामी के 2552वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष में बुधवार को प्रातः में पह्न पू. साध्वीश्री भावगुणश्रीजी मसा के सुशिष्या साध्वीश्री अध्यात्मगुणाश्री जी मसा की पावन निश्रा व सकल संघ की उपस्थिति में महावीर वाटिका के पावन प्रांगण में गौतम रास का वांचन व वीर प्रभु को लड्डू चढ़ाने का मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जैन श्री संघ, बाड़मेर के महामंत्री किशनलाल वडेरा ने बताया कि तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के 2552वें निर्वाण दिवस पर बुधवार को महावीर वाटिका प्रांगण में प. पू. साध्वी श्री भावगुणाश्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वीश्री अध्यात्मगुणाश्रीजी मसा की पावन निश्रा में गौतम रास का वांचन तथा परमात्मा को लड्डू चढ़ाने का परम्परागत मंगल कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आगाज साध्वीश्री के चरणों में सामूहिक गुरूवन्दन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा परमात्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन हुआ। कार्यक्रम में महावीर वाटिका के महावीर जिनालय के वार्षिक चढ़ावों के लाभार्थी परिवारों का जैन श्रीसंघ, बाड़मेर की ओर से मान-सम्मान, बहुमान किया गया। जैन श्रीसंघ, बाड़मेर के अध्यक्ष एडवोकेट अमृतलाल जैन ने सभी जैन बन्धुओं का स्वागत करते हुए कहा कि परमात्मा श्री महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक के उपलक्ष में परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष परमात्मा को लड्डू चढ़ाया जाता है तथा गुरू भगवन्तों के श्रीमुख से श्री गौतम रास का श्रवण किया जाता है। यह हमारी धार्मिक परम्परा का अभिन्न अंग है। साध्वीश्री अध्यात्मगुणाश्री जी मसा ने अपने मंगल प्रवचन में श्री गौतम रास का वांचन करते हुए तीर्थंकर महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक और उनके प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी के केवलज्ञान का विस्तार पूर्व वर्णन प्रस्तुत किया और एक जैनी के जीवन में गौतम रास जैसे अद्भूत व जीवनपरक ग्रन्थ का महत्व बताया । साध्वीश्री ने अपने मांगलिक में कहा कि महावीर स्वामी के प्रथम गणधर, केवली श्री गौतम स्वामी लब्धि व बृद्धि के दाता है। हमें उनके बताये पथ पर चलकर अपने जीवन का कल्याण व उद्धार करना चाहिये। साध्वीश्री के मंगल प्रचवन के बाद तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी, श्री गौतम स्वामी व श्री नाकोड़ा भैरव देव को लाभार्थी श्री पीरचंद हंजारीमल जी वडेरा परिवार की ओर से बाबुलाल वडेरा, किशनलाल वडेरा, भूरचन्द वडेरा सहित वडेरा परिवार के श्रावक-श्राविकाओं ने सकल संघ की उपस्थिति में लड्डू चढ़ाया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन श्रीसंघ, बाड़मेर के महामंत्री किशनलाल वडेरा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य नागरिक, माताएं-बहिनें उपस्थित रहे।

# रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में सीबीएसई की कार्यशाला आयोजित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर** : रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश कुमार त्यागी, रिसोर्स पर्सन कृष्ण गोपाल अरोरा व रुचि रावत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार त्यागी ने रिसोर्स पर्सन कृष्ण गोपाल अरोरा व रुचि रावत को गुलदस्ते देखकर उनका स्वागत किया। कार्यशाला में ट्रेनिंग सेशन में प्रस्तावित टॉपिक हैप्पी क्लासरूम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की शिक्षा पद्धतियों पर चर्चा की गई। सीबीएसई देहरादून की ओर से नियुक्त रिसोर्स पर्सन के रूप में मुजफ्फरनगर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण गोपाल अरोरा व रुड़की स्कूल की प्रधानाचार्या रूचि रावत ने बिजनौर जनपद के 60 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया ।वेन्यू डायरेक्टर के रूप में रूट्स बिजनौर के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार त्यागी ने अपने उद्बोधन में सीबीएसई बोर्ड के इस प्रकार के ट्रेनिंग सेशन को शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत बहुमूल्य व लाभकारी बताया। इस सफल कार्यशाला के लिए रूट्स बिजनौर के निर्देशक आदित्य गुप्ता ने समस्त स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम की व्यवस्था में ऋतीक जोशी, रुचि शर्मा के साथ भूपेन्द्र सिंह, रीता सिंह, सौरभ जोशी, सोनिका चौधरी, पूजा लाहौरी, सोनम एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर रुचि शर्मा ने किया।

# श्री राम सखा आश्रम पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारा आयोजित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**नूरपुर** : क्षेत्र के ग्राम बीरबलपुर उर्फ. बूढपुर स्थित श्री राम सखा आश्रम पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारा किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया आश्रम के संस्थापक श्री श्री 1008 श्री संत शरण जी महाराज की जन्म स्थली पर स्थित श्री राम सखा आश्रम पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ पंडित शिव शक्ति शरण शर्मा द्वारा पूर्ण विधि विधान से कराया गया। जिसमें यजमान मुनि देव यादव एवं उनकी पत्नी नीरज यादव के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर श्री राम सखा आश्रम के महंत शिवराम शरण जी महाराज ने बताया कि आज के दिन ब्रज वासियों ने अन्नकूट, गोवर्धन पूजा की थी। पहले इंद्रदेव की पूजा होती थी। भगवान श्री कृष्ण द्वारा इंद्र के क्रोध एवं अहंकार को तोड़कर इंद्रदेव के पूजन को भगवान श्री कृष्ण ने बंद करा करके गोवर्धन की पूजा की। आज के दिन गोवर्धन को 56 भोग लगाने की परंपरा है। इस उपलक्ष में यहां श्री राम शाखा आश्रम बूढपुर में हमारे पूज्य श्री गुरुदेव भगवान जी की जन्म स्थली गांव है इसमें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लवकुश शर्मा, संजय यादव, जितेंद्र शर्मा, प्रशांत चौधरी, रामवीर चौधरी, नन्हे सैनी, प्रकाश सैनी, अरुण सैनी, धर्मपाल यादव, लोकेश चौधरी, अमित चौधरी, सूर्यांश शर्मा,चौधरी इसमपाल सिंह, विवेक चौधरी, जागेश शर्मा, रविंद्र चौधरी आदि का योगदान रहा।

## मिशन शक्ति 5.0 टीम ने भीमपुर चौराहे पर महिलाओं को किया जागरूक

बुलंदशहर बुधवार को डिबाई के भीमपुर चौराहे पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा कर रही महिलाओं एवं आती-जाती महिलाओं को डिबाई कोतवाली की मिशन शक्ति 5.0 टीम ने नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंब के लिए समर्पित हेतु जागरूक किया।आपको बता दें डिबाई कोतवाली मिशन शक्ति टीम की महिला एसआई रिचा वर्मा ने रोडवेज बसों में यात्रा कर रही महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी यही नहीं महिलाओं की सुरक्षा हेतु मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 112 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 साइबर क्राइम 1930 एंबुलेंस सेवा 108 आदि नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया इस मिशन शक्ति टीम की महिला एसआई रिचा वर्मा सुधा गोस्वामी महिला कांस्टेबल एस आई शिवकुमार व भानु प्रताप सिंह आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# पराली जलाना वायु गुणवत्ता के लिए अत्यंत हानिकारक और नियमों के विरुद्ध: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** थाना बरसाना क्षेत्र के ग्राम भरना खुर्द में पराली जलाने की शिकायत पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा संज्ञान लिया गया। पराली जलाने से वातावरण में प्रदूषण फैलने एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ग्रामवासियों से अपील की है कि पराली न जलाएं तथा वैकल्पिक उपायों को अपनाएं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पराली जलाना वायु गुणवत्ता के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा यह नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पराली जलाने की घटनाओं पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पराली जलाने की घटनाओं के नियंत्रण में शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार मांट, छाता एवं गोवर्धन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, तहसील मांट, छाता एवं गोवर्धन के अंतर्गत आने वाले समस्त विकास खंड अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस देते हुए जवाब तलब किया गया है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया है कि जनपद में पराली प्रबंधन के संबंध में प्रभावी रूप से निगरानी की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

विकास खंड छाता के ग्राम पंचायत बुखरारी में पराली में आग लगने की 02 घटनाएं सज्ञांन में आई है। राजस्व निरीक्षक बुखरारी, राम भरोसी लेखपाल एंव मौ० सलीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि श्री नीरज कुमार ग्राम विकास अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं थे। इससे स्पष्ट है कि नीरज कुमार, ग्राम विकास अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्यों का उचित प्रकार से निर्वाहन नहीं किया गया तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों एंव निर्देशों का गम्भीरतापूर्वक पालन नहीं किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी प्रकट करते हुये ग्राम पंचायत बुखरारी के ग्राम विकास अधिकारी नीरज कुमार को सस्पेंड किया है।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पराली प्रबंधन हेतु कृषकों को जागरूक किया जाए, कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर पराली जलाने की प्रवृत्ति को पूर्ण रूप से रोका जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सचिव एवं ग्राम प्रधान अपने अपने क्षेत्रों में किसानों से पराली दान करवाए/ पराली क्रय करें तथा पराली को गौशालाओं में पहुंचाए।

## ग्राम प्रधान के भाई चंद्रभान सिंह को कैंसर बीमारी से मिली मुक्ति डॉक्टरों का किया आभार व्यक्त



**रामघाट/बुलंदशहर।** नरौरा के ढक नगला ग्राम प्रधान के भाई को केंसर बीमारी से से मिली मुक्ति पीड़ित मरीज ने डॉक्टर विकास झा का आभार व्यक्त किया है। आपको बता दें थाना नरौरा क्षेत्र के गांव ढक नगला के ग्राम प्रधान राकेश कुमार लोधी के भाई चंद्रभान सिंह के मुंह में केंसर बीमारी ग्रस्त थे जिनका इलाज राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल दिल्ली के कैंसर विभाग के डॉ विकास झा तथा सहायक सुरेश चौधरी के नेतृत्व में इलाज चला था जो इस समय केंसर बीमारी से ठीक है पीड़ित मरीज चंद्रभानसिंह ने डॉक्टर विकास झा व सहायक सुरेश चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

# फगौली कुमीर्यान में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान आयोजित



वेलकम इंडिया फतेह खान

**शुजागंज अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फगौली कुमीर्यान में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह,महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता चौकी प्रभारी शुजागंज शंकर लाल यादव मय फोर्स के द्वारा क्षेत्र की बालिकाओं तथा महिलाओं और उनके परिजनों को मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। तथा बच्चियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया गया ,और महिला संबंधित सहायता हेतु वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, ऑपरेशन कवच महिला हेल्पलाइन नंबर 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में जागरूक किया गया महिला संबंधित अपराध और उनसे कैसे बचे इस विषय में जागरूक किया गया । बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया।

## सार संक्षेप

### हजरत सूफी निजामुद्दीन साहब का तेरहवां उर्स निजामी आज से

**संतकबीरनगर।** भारत के प्रसिद्ध सूफी बुजुर्ग इस्लामिक विद्वान हजरत सुफी निजामुद्दीन मुहद्दिस बस्तवी कादरी बरकती रिजवी मुहद्दिस बस्तवी का तेरहवां उर्स-ए पाक आज 23 अक्टूबर गुरुवार से अगया स्थित खानकाहे निजामियां पर आयोजित हो रहा है। आयोजन कमेटी के मौलाना सनाउल मुस्तफा निजामी, हाफि ज महबूब, हाजी फखरूल हसन खान, हाजी समीउल्लाह निजामी ने उर्स के कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मजार को तमाम किस्म के फूल और लाइटों से पूरी तरह सजाया गया है। बता दें की हजरत सूफी निजामुद्दीन साहब एक बड़े आलिम-ए-दीन और सूफी बुजुर्ग के रूप में प्रसिद्ध थे। देश के विभिन्न प्रांतों,एवं खाड़ी देशों में उनके अनुयाई बड़ी संख्या में मौजूद हैं। तेरह वर्ष पूर्व उनका देहांत हो गया तो उनके पैतृक गांव सेमरियावां ब्लॉक के ग्राम अगया में उन्हें दफन किया गया और उनकी भव्य मजार बनाई गई। हर वर्ष उनका वार्षिक उर्स भव्य रूप में मनाया जाता है, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। सूफी साहब के पोत्र मौलाना जियाउल मुस्तफा निजामी ने बताया कि गुरुवार को सुबह में फर्ज की नमाज के बाद सूफी साहब की मजार पर कुरानख्वानी के साथ ही उर्स का कार्यक्रम शुरू होगा। दोपहर बाद नमाजे जुहर जूलुसे चादर मजार पर चादर पोशी और गुल पोसी का सिलसिला शुरू होगा और देर शाम तक चलेगा। रात में बाद नमाजे ईशा हजरत अल्लामा सूफी मोहम्मद हबीबुर रहमान रजवी की अध्यक्षता में निजामी कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें देश के कई बड़े इस्लामिक विद्वान प्रतिभाग करेंगे। 24 अक्टूबर की सुबह में मजार पर कुल शरीफ के आयोजन के बाद उर्स का कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा।

### थाना दुधारा पुलिस ने ट्रैक्टर में लगी चोरी की बैटरी सहित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर परसा तिराहा के पास से ट्रैक्टर में लगी चोरी की बैटरी सहित 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 आजम अंसारी, हे0का0 अरविंद यादव, का0 राधेश्याम गिरी ने 370/25 धारा धारा 303( 2 ) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त प्रदुम कुमार पुत्र विद्या प्रसाद चौधरी निवासी मझारी थाना दुधारा को अभियुक्त के ट्रैक्टर में लगी चोरी के 01 अदद बैटरी के साथ परसा तिराहा से गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317( 2 ) भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए न्यायालय भेज दिया। वादी राधेश्याम पुत्र रामप्रसाद निवासी सिया कटाई बाजार पुरवा थाना दुधारा ने दिनाँक 21.10.2025 को थाना दुधारा पर सूचना दिया कि 26/27.08.2025 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रैक्टर में लगी बैटरी चोरी कर लिया गया है । उक्त तहरीर के आधार पर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 370/2025 धारा 303( 2 ) बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि कुछ दिन पूर्व रात्रि में वादी राधेश्याम पुत्र रामप्रसाद निवासी सिया कटाई बाजार पुरवा थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर के घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ली थी ।

### कूड़ेदान की गाड़ी में लगी आग



**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** दीपावली पर्व पर तहसील रोड में कूड़ेदान हेतु खड़ी पालिका के डंफर में रखे कूड़े के ढेर में आग लगने से वहां वहां अफरा तफरी मच गई। कूड़ा वाहन में आग लगने के बाद उसमें से पटाखों के फटने जैसी आवाज आने लगी।अचानक आग भयावह होने लगी।जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को मिली।सूचना मिलते ही एफएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।जहां फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए भयावह हो रही आग को फैलने और कूड़ा संग्रहण वाहन को भी जलने से बचा लिया।मालूम हो कि घटना स्थल के आसपास पार्किंग स्थल में कई वाहन खड़े थे।जबकि निकट में होटल और विशाल मेगामार्ट का शोरुम भी था।वही समय से रेस्क्यू अभियान चलाने से नगर पालिका के कूड़ा वाहन को जलने से बचने से लाखों का नुकसान होने से बच गया।आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड की त्तपरता के लिए फायर पुलिस का आभार जताया।

# जिला अस्पताल की विवाहित नर्स व चिकित्सक को चढ़ा इश्क का बुखार

वेलकम इंडिया

**युवा चिकित्सक महिला कर्मी के साथ हुए फुर्र**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल बागेश्वर एक चिकित्सक के कारनामों से लगातार चर्चा में है।कतिपय चिकित्सक कभी मरीजों के साथ कहासुनी और फिर मारपीट करने के मामले सहित स्वयं को स्वास्थ्य मंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधियों का नजदीकी बताने वाले चिकित्सक की लापरवाही और बीमार बच्चे के इलाज के दौरान उसके फौजी पिता से कहासुनी के बाद दूसरे चिकित्सक को भी भड़काकर वीमार बच्चे के इलाज के बजाय इस चिकित्सक की लापरवाही के चलते सैनिक के बेटे की मौत के मामले में चर्चा में आया था। अब इस चिकित्सक के एक स्टाफ नर्स के साथ भागने के बाद अस्पताल चर्चा में आया है।जिससे स्वास्थ्य कर्मचारी समेत अन्य चिकित्सक भी शर्मींदगी महसूस कर रहे हैं।

जिला अस्पताल एक बार फिर से चचाओं में है।चर्चा का विलेन हीरो इस बार भी वही है जो कि लगभग दो-तीन माह पूर्व एक सैनिक के बच्चे की मौत के मामले पर चर्चा पर था परंतु सरकार ने जांच के बाद भी जिस चिकित्सक से प्रारंभिक समय मे तू तू में में हुई उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।सूत्रों के मुताबिक कोई कार्रवाई नही होने से बाद से वह स्वयं को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री समेत कई मंत्रियों व विधायकों का खास बताता रहा।

इस बीच अब चिकित्सक का अपने ही अस्पताल की एक विवाहिता व पांच साल के पुत्र की मां से चल रहा इश्क परवान चढ़ गया तथा दोनों पिछले चार दिन से दीवाली के अवकाश में फुर्र हो गए। मामले की जानकारी लगी तो नर्स के पति ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करके लोक लाज के चलते आत्महत्या का प्रयास कर लिया सौभाग्य से वह बच गया। अस्पताल से चिकित्सक व नर्स के भागे जाने की चर्चा आम हो चली तथा हर किसी की जुबान में यह मामला एक बार फिर चर्चित हो गया तो अस्पताल के अन्य सम्मानित चिकित्सक व स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी शर्मींदगी महसूस कर रहे हैं। इधर मुख्य चिकित्साधिकारी डा कुमार आदित्य तिवारी ने कहा कि चिकित्सक ने दो दिन का अवकाश और बढ़ाया है पूर्व में वह किसी का स्वास्थ्य खराब होने की बात कहकर अवकाश में गया था। कहा कि नर्स के लापता होने की उन्हें जानकारी नहीं है। इधर चिकित्सकों व कर्मचारियों का कहना है कि उक्तचिकित्सक की वजह से समय समय पर अस्पताल चर्चा पर रहता है तथा यहां पर काम करना मुश्किल हो गया है।

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट दो घायल



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चक्रपानपुर गांव में बुधवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों ने खेत में मारपीट कर लिया।लाठी-डंडा व ईट-पत्थर चलने से एक पक्ष के मैनेजर बिन्द का सिर फट जाने के कारण लहूलुहान हो गया वही दूसरे पक्ष से बबलू बिन्द चोटिल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से मैनेजर बिन्द को इलाज हेतु जक्खिनी स्थित सीएससी अस्पताल भेजकर दवा इलाज करवाया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली नही तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

## युवक पर ईंट से हमला, वीडियो वायरल तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** किठौर थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर माछरा में एक युवक पर ईंट और कसले से हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में एक युवक जमीन पर पड़ा हुआ नजर आ रहा है, जबकि दूसरे युवक उस पर ईंट से वार करते दिख रहे हैं।पीड़ित के पिता मुनेश निवासी कासमपुर माछरा ने थाना किठौर में दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र सुंदर खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रिंकू पुत्र मांगे, आदेश पुत्र प्रहलाद और नंगली अब्दुल्ला निवासी रॉबिन पुत्र महेंद्र ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और ईंट व कसले से हमला कर दिया। हमले में सुंदर गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना किठौर प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। वहीं, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# थाना सीबीगंज से चंद कदम की दूरी पर ऑटो में बैठे एक युवक से लूट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र में लुटेरों ने थाने से चंद कदम की दूरी पर लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। टेंपो में सवार युवक से चार बदमाशों ने रुपये और सामान लूट लिया। पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और फिर परिजनों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया, पकड़े गए युवक से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने शेष तीनों आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है। लेकिन इस घटना में पुलिस ने लूट की तहरीर को बदलबा कर रिपोर्ट चोरी में दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज क्षेत्र के सनैयारानी मेवाकुँवर गांव निवासी अजय गुप्ता पुत्र सोहनलाल अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर अपनी ससुराल छोड़ने गोरखपुर गए थे। रात में परिवार को छोड़कर वह सत्याग्रह ट्रेन से बरेली ढाई बजे जंक्शन पर उतरे। वहां से वह टेंपो में बैठकर घर लौट रहे थे। तभी मिनी बाईपास पहुंचते ही चार युवक टेंपो को रोककर उसमें सवार हो गए। टेंपो चालक के पैर पकड़कर उन्होंने टैंपो रुकवाया और जबरन बैठ गए। जैसे ही टेंपो थाने के पास पहुंचा, बदमाशों ने अजय को जैकेट डालकर पकड़ लिया और उससे मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह अजय खुद को छुड़ाकर वहां से भाग निकले और सीधे अपने भाई के घर पहुंचे। सूचना मिलते ही परिजन और भतीजे मौके पर पहुंचे और दीपक नाम के एक युवक को पकड़ लिया। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया और लूट की तहरीर दी गई।

# दीप महोत्सव के जरिए संस्कृति के संरक्षण में अहम योगदान दे रहे हैं युवा : दास



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** तहसील के ग्राम पंचायत मटेना में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 50 वें दीप महोत्सव का प्रारंभ हो गया है। कर्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक पार्वती दास ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण में मटेना का दीप महोत्सव मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस मौके पर बाल कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। नवयुवक मंगल दल के तत्वाधान में आयोजित दीप महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास ने महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि मटेना के युवा 49 वर्षों से संस्कृति के संरक्षण के लिए ठोस प्रयास कर रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या ने कहा कि मटेना के युवा वर्षों से एक परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, मोहन जोशी ने कहा कि आज अपनी बोली और भाषा को बचाने की सख्त आवश्यकता है। नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष कैलाश खुल्बे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।संचालन करते हुए नवयुवक मंगल दल के संरक्षक चंद्रशेखर बड़सीला ने कहा कि मटेना में 49 सालों से लगातार दीप महोत्सव का आयोजन हो रहा है। यह अब गांव की परंपरा बन गई है। इस मौके पर कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख किशन बोरा, ज्येष्ठ प्रमुख नंदन थापा, कनिष्ठ प्रमुख भावना खुल्बे, ग्राम प्रधान नीमा जोशी, जेसी आर्या, हेम पांडे, दीपक पाठक, नवीन मिश्रा, संजय पांडे, जगदीश खोलिया, एमसी जोशी आदि मौजूद थे।

## विधायक के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट, भाजपा नेता ने थाना में तहरीर दी

**नरसैना।** थाना में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उनके क्षेत्रीय विधायक की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने वाली आपत्तिजनक और अभद्र पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की गई। शिकायत में बताया गया कि फेसबुक पर साझा की गई सामग्री से विधायक की छवि धूमिल हुई। शिकायतकर्ता ने पुलिस से अनुरोध किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि फेसबुक पर सुखपाल नामक आईडी से यह पोस्ट साझा की गई। थाना नरसैना प्रभारी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी मनवीर पुत्र चन्द्रपाल और सुखपाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी और सोशल मीडिया पर फैल रही आपत्तिजनक सामग्री पर निगरानी बढ़ाई जा रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के नदोसी गाँव में मंगलवार देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी शुरू हो गई, यह कहा सुनी जल्द ही झड़प में तब्दील हो गई, जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के दो चचेरे तहेरे भाइयों पर हमला बोल दिया जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में घायल युवकों की तरफ से उनके परिजनों द्वारा परसाखेड़ा चौकी में तहरीर दे दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने घायल युवकों का मेडिकल कराकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज क्षेत्र के नदोसी गाँव निवासी नेपाल कश्यप ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मंगलवार देर शाम उनका बेटा बाबूराम वी भतीजा रामकिशोर पुत्र ओमकार गांव के बाहर शमशान भूमि के पास बैठे हुए थे तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही जीतू अरविंद कल्लू शिवम अमन व एक अज्ञात युवक वहां पर आए और उनके बेटे और भतीजे से कहा सुनी करने लगे, जब उनके बेटे और भतीजे ने इसका विरोध किया तब आरोपी युवकों ने उनके बेटे व भतीजे पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिससे उनका बेटा बाबूराम और भतीजा रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच हो रही झड़प को पास में ही खड़े ग्रामीणों ने देख लिया और दोनों पक्षों में बीच बचाव कराने का प्रयास किया। जिसके बाद आरोपी युवक बाबूराम और रामकिशोर को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। नेपाल कश्यप ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

वही पीड़ित बाबूराम और रामकिशोर ने इस घटना को लेकर और पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को लेकर आरोप लगाते हुए कहा है कि चौकी पुलिस उनके साथ भेदभाव कर रही है, क्योंकि आरोपी युवक और चौकी प्रभारी एक ही जाति विशेष से आते हैं। हालांकि पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन कार्यवाही किस स्तर की होगी, इस पर हमें संदेह बना हुआ है।

# थाना महेंद्र पार्क क्षेत्र से 02 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** अवैध प्रवासन को रोकने के प्रयास में, उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस के फॉरेनर सेल ने ढर महेंद्र पार्क क्षेत्र में 02 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पाया गया कि वे भारत में अवैध रूप से रह रहे थे और दिन में भिक्षाटन तथा रात में आपत्तिजनक गतिविधियों में संलग्न थे।

अवैध अप्रवासियों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए अभियान शुरू किया गया। इस अभियान में फॉरेनर सेल की एक विशेष टीम शामिल थी, जिसमें एसआई तपोश, एएसआई राजेंद्र, एएसआई विजय, एचसी विक्रम, एचसी कपिल कुमार, महिला एचसी दीपक, कांस्टेबल हावा सिंह और कांस्टेबल दीपक बंगार शामिल 15.10.2025 को न्यू सब्जी मंडी के पास संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त खुफिया सूचना के आधार पर फॉरेनर सेल ने सूचनाकर्ता की मदद से संयुक्त छापेमारी की। अभियान के दौरान ढर महेंद्र पार्क क्षेत्र में न्यू सब्जी मंडी के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। सतत पूछताछ में उन्होंने अपनी मूल बांग्लादेशी नागरिकता स्वीकार की और अपने बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र पेश किए। आगे की जांच में पता चला कि उन्होंने जेंडर-एफर्मिंग सर्जरी कर अपनी शारीरिक रूपरेखा बदलकर महिलाओं जैसी दिखाई देने की कोशिश की थी। अपनी पहचान छिपाने के लिए वे नियमित रूप से भारी मेकअप, साड़ी या सलवार सूट, कृत्रिम बाल (विग) और अन्य महिला सहायक उपकरणों का उपयोग करते थे। उन्होंने अपनी आवाज और शारीरिक भाषा को भी महिला जैसी शैली में बदल लिया था।

यह सफल अभियान फॉरेनर सेल की टेक्नोलॉजी आधारित पुलिसिंग के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसमें साइबर इंटेलिजेंस, निगरानी और क्षेत्रीय अभियान को प्रभावी रूप से मिलाकर अवैध प्रवासन और पहचान छिपाने जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना किया जाता है। 02 स्मार्टफोन जिनमें प्रतिबंधित कटड ऐप इंस्टॉल था।

# पीडीए जन चौपाल: 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लिया संकल्प

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ में समाजवादी पार्टी ने बुधवार को पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बगही में आयोजित हुआ।जन चौपाल में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी और नाकामियों का आरोप लगाया, जबकि समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।शोहरतगढ़ विधानसभा से सपा के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियों से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने किसानों, युवाओं और गरीबों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। सिंह ने जोर दिया कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा विकास, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी है।कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन विधानसभा अध्यक्ष हरि नारायण यादव ने किया।

उन्होंने सपा कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर जनता को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों से जोड़ने का आह्वान किया। यादव ने कहा कि यह समय है जब लोगों को भाजपा के झूठे वादों की सच्चाई बताई जाए, जिन्होंने प्रदेश को पीछे धकेला है।

जन चौपाल के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए हर बूथ पर मजबूती से काम करेंगे। इस अवसर पर कौशल यादव, जुबेर, सूरज पासवान, प्रभुनाथ, दिलीप शर्मा, फौजदार, चिनकू, रमेश, मनीराम, विशाल पासवान, नफीस, उमाशंकर, मुल्ला, मुबारक, अनिल यादव, मुरली यादव, रामू, डब्लू, गुड्डू, इमरान, कुंज बिहारी पासवान, गजेंद्र पासवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पटाखा छोड़ते समय हुआ जोरदार धमाका युवक की हुई मौत

**अहमदगढ़/ शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पतरामपुर में दीपावली पर्व पर आतिशबाजी के दौरान पटाखा छोड़ते समय हुआ हादसा एक युवक की हुई मौत। एक ओर गांव में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था वहीं करन की मौत से गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार करन पुत्र चंद्रवीर सिंह उम्र करीब 18 वर्ष निवासी गांव पतरामपुर थाना अहमदगढ़ जनपद बुलंदशहर में दीपावली पर पर कुछ ग्रामीण शरारती बच्चे लोहे की पाइप का देशी जुगाड धमाका बनाकर गंधक पोटाश नली में भरकर कांच का गिलास ऊपर लगाकर पटाखा फोड़ रहे थे उसी दौरान करण जोरदार धमाके की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक को परिजन बुलंदशहर निजी अस्पताल ले गए जहां पर घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई घटना से गांव में हड़कंप मच गया और परिवार में मातम छा गया दुखद घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे मे किया गिरफ्तारी, चाकू बरामद



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ में पुलिस ने हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को 12 घंटे के भीतर बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया।


पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार देर रात गड़ाकूल तिराहे के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान उनके बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा संख्या 170/2025, धारा 118(1), 115(2), 351(3), 352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान इसमें धारा 109(1) बीएनएस भी जोड़ी गई। पुलिस टीम ने बुधवार को कस्बा शोहरतगढ़ से तीनों अभियुक्तों–मोहित, विनोद और भोला (सभी पुत्र शंकर, निवासी वार्ड नंबर 03, संत रविदास नगर)–को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार, आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। इस बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम भी बढ़ाई गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के जल्द खुलासे से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## सार संक्षेप

### उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की कार्य अवधि बढ़ने पर युवाओं ने किया स्वागत

**लखनऊ।** बुधवार को सोहन लाल श्रीमाली उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की कार्य अवधि बढ़ाए जाने पर आवास पर बधाई देने पहुंचे विकास सैनी। आपको बता दें कि,लखनऊ के गोमतीनगर स्थित बहुखंडी मंत्री आवास पर माल क्षेत्र के विकास सैनी अपने साथियों के साथ पहुंच कर सोहन लाल श्रीमाली (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री व उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग)को बधाई देने के साथ - साथ शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया। सोहनलाल श्रीमाली ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में कई वर्षों तक सेवा की है और संघ के विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्य किया है। सोहन लाल श्रीमाली ने कहा कि हमारी प्राथमिकता ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ना है। क्योंकि साथ चलने से एकता बढ़ती है। हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है, लेकिन कार्यकर्ता भी पार्टी के लिए कम महत्वपूर्ण नहीं हैं, क्योंकि सक्रिय कार्यकताओं के साथ होने से ही पार्टी आगे बढ़ती है।



### 'एक दीया शहीदों के नाम' का दिया स्कूली बच्चों ने प्रज्वलित कर शहीदों को किया समर्पित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में दीपावली पर्व पर 'एक दीया शहीदों के नाम' पर बच्चों ने दीपक जलाकर शहीदों को समर्पित किया और देशभक्ति के गीत गाकर आंखें नम की। जानकारी के अनुसार शिवा प्राथमिक पाठशाला में दीपावली पर्व पर स्कूली बच्चों ने विधालय परिसर में 'एक दीया शहीदो के नाम' कार्यक्रम में दिये जलाकर शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में बच्चों व शिक्षकों ने रंगोली पर रखे दीप को जलाकर शुभारंभ किया।दीप प्रज्जवलित होते ही वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम से गूंजने लगा। स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना एवं भगवान श्रीराम की स्तुति प्रस्तुत की। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल, नीतू नारंग,बच्चों में खुशी, अंशु, अंकित, प्रिंस, महक, सिया, प्रीति, राघव, तान्या, कारण, रोहित, सोनू, साहिल, रेणु, स्नेहा, जोया, परी, कविता, अंश, संस्कार, जानवी, विधि , मनीष, आदि उपस्थित रहे।

# झारखंड के राज्यपाल ने बरेली के राज्य पुरस्कृत शिक्षक को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** झारखंड प्रांत के गवर्नर महामहिम संतोष गंगवार ने बुधवार को भारत सेवा ट्रस्ट पर इस वर्ष के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक पूर्व माध्यमिक विद्यालय फैजनगर के सहायक अध्यापक जितेंद्र सिंह को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कार शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रांतीय प्रचार मंत्री लाल बहादुर गंगवार के सौजन्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि बरेली के लिए यह गौरव की बात है कि इस वर्ष के शिक्षक दिवस समारोह में जनपद बरेली के शिक्षक जितेंद्र सिंह को उनकी बेहतरीन अचीवमेंट्स के कारण चुना गया।

कार्यक्रम में गवर्नर संतोष गंगवार ने कहा कि भारत सेवा ट्रस्ट के माध्यम से पिछले 18 सालों से राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कार शिक्षकों को सदैव सम्मानित किया जाता रहा है।

# एसएसबी व पुलिस ने पांच किलो चांदी और नकदी के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**खुनुवा/शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के खुनुवा भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में चांदी के सिक्के, भारतीय करेंसी और पीली धातु जब्त की है।

खुनुवां बॉर्डर पर बुधवार सुबह एसएसबी 43वीं वाहिनी और पुलिस की संयुक्त टीम एक संदिग्ध नेपाली को पकड़ा। युवक का पहचान नेपाल के रुपनदेही जिले के सैना-मैना नगर पालिका-11 थाना सालझंडी निवासी नारायण प्रसाद घिमिरे के रूप में हुई है। उसके पास से कुल 3.80 लाख रुपये नकदी, पांच किलो 95 ग्राम चांदी के सिक्के और 57.14 ग्राम पीली धातु (संभावित सोना) बरामद हुए। दोनों टीमें चांदी और सोने के बारे में जानकारी ले रही हैं। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया नेपाली नागरिक 15 साल बाद दिल्ली से नेपाल लौट रहा था। वह दिल्ली स्थित स्क्रैप की कंपनी में काम करता था। जानकारी के मुताबिक, पूछताछ में घिमिरे ने बताया कि वह दिल्ली के मंडोली इंडस्ट्रियल एरिया में प्रवीण गोयल की स्क्रैप कंपनी में पिछले 15 वर्षों से कार्यरत था और भाई टीका पर्व पर नेपाल में अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घिमिरे अपने साथियों के सहयोग से राज शर्मा (दिल्ली निवासी) की कार से नेपाल की यात्रा पर पैतृक घर जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि मंगलवार को राज शर्मा निवासी सेक्टर जे 22 लाजपत नगर-4 दिल्ली अपनी कार से नेपाल के कपिलवस्तु जिले के चार नंबर स्थित अपनी बहन कमला आचार्य के घर जाने के लिए अपने पहाड़ी समुदाय के साथियों बसंत कुमार, ईश्वरी प्रसाद शर्मा, पदम बहादुर विक व उनकी पत्नी और एक छोटे बच्चे के साथ अपने घर नेपाल जा रहे थे। इसी बीच नारायण प्रसाद घिमिरे बैग लेकर पहुंचा। नेपाल आने वाली सूपा देउराली ट्रैवल्स की गाड़ी की सीटें फुल होने पर लाजपत निवासी कृष्णा शर्मा ने अर्टिगा मालिक राज शर्मा से नेपाल जा रहा था।

## श्री गोवर्धन महाराज की विधि विधान से घरों में पूजा अर्चना की गई

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांवों में गोवर्धन महाराज की पूजा विधिवत की गई। बुधवार को दिनभर क्षेत्र में लोगों ने दोपहर बाद अपने अपने घरों में श्री गोवर्धन महाराज की प्रतिमा आकर्षक ढंग से बनाई और विभिन्न प्रकार से सजाया गया। उसके बाद देर शाम विधिविधान से श्री गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। उधर गाय,भैस, बकरी,घोड़ा आदि पशुओं को सुबह अच्छे ढंग से नहलाया गया। उसके बाद उन पशुओं के गले,सींग,शरीर पर सजावट की गई।देर रात में लोगों की टीमों ने घर घर जाकर गोधन जगाने की परम्परा निभाई और गृह स्वामी से दक्षिणा ली। अहार क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान राहुल करण, मनोज, दिनेश, सुरेश, समर, रामभूल आदि मौजूद रहे।

# अहीरों ने गिरिराज तलहटी में की गोवर्धन पूजा



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** द्वापर युग की भगवान श्री कृष्ण की परंपरा को जीवंत करते हुए श्री कृष्ण अहिरानी बृजवासी यदुवंशी परिवार एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभायत्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अहीर समाज ने गिरिराज तलहटी गोवर्धन में संत निवास के सामने सामूहिक गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया।

इस अवसर पर साक्षात गिरिराज पर्वत का नदियों के पवित्र जल, दूध, दही, शहद, पुष्प आदि से सामूहिक अभिषेक किया गया। अहीर ग्वालवालों के गिरिराज महाराज के जय घोष से गिरिराज तलहटी गूंज उठी। तदुपरांत महिलाओं ने गिरिज तलहटी में भजन कीर्तन किया।अंत में गोवर्धन महाराज को अन्नकूट का भोग लगाया गया। सभी शद्धालुओं ने तलहटी की रज में भोग प्रसाद ग्रहण कया।

समाजसेवी पहलाद यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण ने हजारों वर्ष पूर्व सामाजिक समरसता के लिए ही सामूहिक गोवर्धन पूजा की परंपरा शुरू की। इसे आहीर(यादव) समाज आगे बढ़ायेगा।

कार्यक्रम में बलवीर यादव, यादव महासभा मध्य प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव, महासचिव विशिष्टा, महासचिव नीतू, जिलाध्यक्ष पूनम अहीर, महानगर अध्यक्ष अंजू यादव, आरती , पूनम सेट्टी, सीमा, नीतू, अशोक, बलवीर ,अंकित, दीपक, गजेन्द्र, भानू, योगेश, भोली,अजीत सहित सैकड़ों यादव बंधुओं ने भाग लिया।

# भैयादूज को आयुष्मान योग एवं रवि योग शुभ मुहूर्त में मनाया जायेगा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह





**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं0 के0 सी0 पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि द्वितीया तिथि 22 अक्टूबर की रात्रि 8.17 बजे से प्रारम्भ होकर 23 अक्टूबर की रात्रि 10.47 बजे तक रहेगा निर्णय सिंधु, धर्म सिंधु आदि ग्रंथो के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया (भैयादूज ) अपरान्हकालीन पर्व है वृहस्पतिवार को सूर्योदय से रात तक अर्थात पुरे दिन द्वितीया तिथि प्राप्त है तथा 1.27 बजे तक चल, लाभ, अभिजीत मुहूर्त, अमृत चौघड़िया है जिसमें बहन के घर स्नान, बहन द्वारा भाई का तिलक व भोजन कराने से विशेष शुभ फल प्राप्त होगा महासभा व्रत पर्व विधिज्ञा अनिशा सोनी पाण्डेय ने भैयादूज के सम्बन्ध में पौराणिक कथा बताया कि इस दिन यमराज जी अपनी बहन यमुना के घर गये थे बहन के स्वागत सत्कार से पूर्ण संतुष्ट होकर यमराज ने यमुना जी को आशीर्वाद वचन दिया कि जो भी भाई इस दिन बहन के घर स्नान व भोजन करेगा उसकी कभी अकाल मृत्यु नहीं होगी बहन को यथाभाव सामर्थ्य अनुसार कुछ ना कुछ उपहार अवश्य देना चाहिए, इस दिन जो बहन भैया का तिलक व ताम्बुल आदि से पूजन कर गोला (नारियल) प्रदान करती है वो कभी विधवा नहीं होती तथा इससे दोनों समृद्ध रहते है संभव हो तो इस दिन दोनों को यमुना नदी में स्नान करना चाहिए या यमुना जल या गंगाजल मिलाकर यमुना जी का ध्यान करते हुए स्नान करना चाहिए यह कथा तीनों लोकों में सुनी जाती है इस दिन भाई को अपने घर में भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिए, एक दूसरी कथा के अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का बध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के घर गये थे और वही पर भोजन किया था और आशीर्वाद दिया था इसलिए भी भैयादूज मनाया जाता है. भैयादूज मंगल तिलक श्रेष्ठ मुहूर्त।

23 अक्टूबर, वृहस्पतिवार सुबह 10.38 बजे से दोपहर 1.27 बजे तक है.विशेष परिस्थिति में दोपहर बाद 4.17 बजे से रात्रि 8.52 तक शुभ, अमृत, चल की चौघड़िया में भी कर सकते है.दोपहर 1.27 से 2.52 बजे तक राहुकाल में मंगल तिलक ना करें।

# स्मार्ट सिटी की आड़ में स्मार्ट फूड कोर्ट घोटाला

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** नगर निगम बरेली में एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जिसने स्थानीय प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। डीडीपुरम जैसे पॉश इलाके की करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन को महज 4.5 लाख रुपए सालाना किराये पर एक निजी एजेंसी को सौंप दिया गया है। इस प्रकरण में हैरानी की बात ये है कि 11 महीने बीत जाने के बाद भी फूड कोर्ट शुरू नहीं हुआ है, और पूरी परियोजना अब भ्रष्टाचार और ठेकेदारों व कुछ अधिकारियों के बीच पैदा दलदल में फंसी नजर आ रही है।

बरेली स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तैयार किए गए इस फूड कोर्ट पर करीब 3 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के लगभग एक साल बाद भी दुकानों पर ताले लटके हुए हैं और संचालन शुरू नहीं हो सका है।

नगर निगम प्रशासन ने इस परियोजना के संचालन के लिए टेंडर जारी किया था, जिसे विवादास्पद तरीके से पूर्व में विवादित रही एजेंसी को सौंप दिया गया। जिस भूमि पर यह फूड कोर्ट बनाया गया है, उसकी बाजार कीमत कई करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके बावजूद, बरेली नगर निगम ने इसे मात्र 37500 रुपए प्रतिमाह (4.5 लाख रुपए सालाना) की दर से ठेके पर दे दिया। सवाल यह उठता है कि आखिर इतनी कम राशि पर ठेका क्यों दिया गया, और क्या इस पूरे प्रकरण में अधिकारियों की मिलीभगत है ? सूत्रों की मानें तो टेंडर की शर्तें जानबूझकर ऐसी बनाई गईं

**करोड़ों की जमीन, लेकिन किराया महज 4.5 लाख रुपए**

कि वही एजेंसी पात्र ठहरे, जो पहले भी नगर निगम से विज्ञापन ठेके में विवादित रह चुकी है। इस एजेंसी को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की गई। इससे पहले तत्कालीन नगर आयुक्त निधि गुप्ता के निर्देश पर फूड कोर्ट के लिए दुकानों और टाइल्स आदि का निर्माण कराया गया था, लेकिन उन दुकानों को कभी आवंटित नहीं किया गया। बाद में उसी भूमि पर दोबारा एक अन्य एजेंसी को ठेका देकर वहां फिर से निर्माण शुरू करा दिया गया, जिससे पहले हुए करोड़ों रुपये के सरकारी खर्च बेकार हो गए। अब क्षेत्र में दोबारा बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य हो रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है।

# तीर्थयात्रा से लौट रही बस खाई में गिरी, महिला श्रद्धालु की मौत, 20 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**पीलीभीय/बरेली।** पीलीभीत-बरेली हाईवे पर बुधवार तड़के तीर्थयात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। इस हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर सभी घायलों को बस से बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के नानकमत्ता और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा करके लौट रही श्रद्धालुओं की एक बस बुधवार सुबह करीब 3:20 बजे पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव निसरा और सरदारनगर के बीच अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसा इतना जोरदार था कि बस खाई में जा गिरी और अंदर बैठे श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई।आसपास के ग्रामीणों को जैसे ही इस घटना की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ सदर आईपीएस नताशा गोयल, थाना पुलिस और फोर्स मौके पर पहुंची।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इस दौरान बरेली के मढ़ीनाथ निवासी दुर्गा (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं थाना सुभाषनगर क्षेत्र के नन्हे, रमेश, अर्जुन, मनोज, प्रीति, वरुण, गीता, अनीता, विशाल, दिनेश, जमुना, रितिक समेत करीब 20 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को बरेली जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला भी सक्रिय हो गया।

सीओ नताशा गोयल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। इस हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात ठप हो गया। पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात को सुचारू कराया।

# रंजिश में पड़ोसी ने मकान पर की फायरिंग, सीसीटी में कैद हुई वारदात

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। ( मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में रंजिश के चलते एक व्यक्ति के मकान पर पड़ोसी द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी शमीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने मकान के हिस्से में कपड़े की दुकान चलाता है। कुछ माह पूर्व पड़ोसी बाबूदीन ने अपनी दुकान एक शराब ठेकेदार को किराए पर दे दी थी। इस पर क्षेत्रवासियों व पीड़ित ने पुलिस और प्रशासन से ठेका हटवाने की मांग की थी। तभी से बाबूदीन के मन में रंजिश पनप गई। पीड़ित के अनुसार, 20 अक्टूबर की रात करीब 10:35 बजे आरोपी बाबूदीन ने उसके मकान पर फायरिंग कर दी। घटना सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रही है, जिसमें आरोपी हाथ में पिस्टल लेकर गली में घूमता और मकान की खिड़की पर निशाना साधकर चार गोलियां चलाता नजर आ रहा है। गनीमत रही कि गोलियां दीवार में लगीं, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बताया गया कि आरोपी ने घटना के बाद गोलियों के खोखे भी मौके से उठा लिए, जो सीसीटीवी में दर्ज हैं। लगातार धमकियों और भय के चलते परिवार अब दहशत में है और पलायन की स्थिति में पहुंच गया है। पीड़ित ने एसपी शामली से सीसीटीवी फुटेज को जांच में शामिल कर आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की सूचना प्राप्त हुई है जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कनियान गांव में 1085वें स्थापना दिवस पर खेल और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** गांव कनियान के रतन सिंह पोडियाल खेल स्टेडियम में 1085वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से हुई, जिसमें गांववासियों और आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि एवं राज्य मंत्री के.पी. मलिक ने आहुतियां डालीं। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया।समारोह में मुख्य अतिथि के.पी. मलिक ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और युवाओं को सम्मानित किया। इसके अलावा हाल ही में सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कनियान गांव की धरती पर प्राचीन इतिहास और समृद्ध परंपरा देखकर गर्व होता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को पहचानें और उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार हर स्तर पर युवाओं को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और गांव की प्रतिभाओं को उचित मंच एवं प्रोत्साहन मिलेगा, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन कर सकें।कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मवीर ने की और मंच संचालन की जिम्मेदारी अशोक कुमार ने निभाई। समारोह में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, ब्लॉक प्रमुख डॉ. विनोद मलिक, तेजेंद्र निर्वाल, अरविंद पंवार, लोकेंद्र राजधीर, प्रमोद, उमेश दत्त, गोपाल, अमरपाल, बाबूराम भंडारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यायालय के आदेश पर जबरन गर्भपात कराने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी ग्रामीण कुशलपाल ने न्यायालय के आदेश पर पुलिस को तहरीर देकर पुत्रवधू खुशी के मायके पक्ष पर जबरन गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाया है। कुशलपाल का कहना है कि उसके पुत्र गौरव ने 19 मार्च 2025 को खुशी से प्रेम विवाह किया था। विवाह के कुछ समय बाद खुशी गर्भवती हो गई थी। आरोप है कि मायके पक्ष के लोग इस विवाह से नाखुश थे और उन्होंने खुशी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर जबरन गर्भपात करा दिया। बताया गया कि जुलाई माह में खुशी अपने मामा के घर चली गई थी, जहां मेडिकल जांच में उसकी 15 सप्ताह की गर्भावस्था की पुष्टि हुई थी। बाद में 21 अगस्त को गांव की एक महिला सरिता ने कुशलपाल को सूचना दी कि खुशी का गर्भपात करा दिया गया है। इससे पूर्व 19 अप्रैल को पुलिस ने खुशी का बयान दर्ज किया था, जिसमें उसने पति गौरव से अपनी मर्जी से विवाह करने की बात स्वीकार की थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी सुंदर, रेखा सहित सात लोगों के खिलाफ भ्रूण हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## जमीन सौदे में करोड़ों की ठगी, कार्रवाई की मांग कर, लगाई सुरक्षा की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी ग्रामीण अब्दुल वाहिद ने जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए एसपी शामली को शिकायत पत्र दिया है। पीड़ित ने इस पूरे मामले को एक अंतरराष्ट्रीय ठग गिरोह से जुड़ा बताते हुए अपनी और साथी अकबर की जान को खतरा बताया है। एसपी शामली के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव इस्लामपुर घसौली निवासी अब्दुल वाहिद ने बताया कि वह कस्बे में शमा बैटरी के नाम से अपनी दुकान चलाता है।उसकी मुलाकात एक अगस्त को प्रॉपर्टी डीलर संजू उर्फ सोलंकी से हुई थी। संजू और सोयब ने उन्हें बताया कि एम्स ऋषिकेश के पूर्व डायरेक्टर रविकांत शर्मा अपनी दवाई फैक्ट्री के लिए हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव बुडवासनी में जमीन खरीदना चाहते हैं। उन्होंने तीन किल्ला जमीन 2.90 करोड़ रुपये प्रति किल्ला के हिसाब से तय कर कुल 8.70 करोड़ रुपये का सौदा कराया।बिजेंद्र उर्फ सोनू ने किसान हरीश कुमार से मिलवाया। बयाने में अब्दुल ने 14 लाख रुपये, साथी अकबर ने 10 लाख रुपये और डायरेक्टर के पीए जयप्रकाश शर्मा ने 12 लाख रुपये दिए। 11 अगस्त को 50 रुपये के स्टांप पेपर पर इकरारनामा तैयार किया गया और रजिस्ट्री 7 सितंबर तय हुई। अब्दुल का आरोप है कि जयप्रकाश ने 7 लाख रुपये की रिश्वत ली, जिसके ऑडियो-वीडियो सबूत मौजूद हैं, और बाद में दो लाख रुपये और मांगे। जब पीड़ित ने पैसे लौटाने की बात कही तो आरोपी पक्ष के लोगों ने उसे और उसके साथी को जान से मारने की धमकी दी।

## रोडवेज बस ने घोड़ा-बुग्गी को मारी टक्कर, बुग्गी सवार गंभीर रूप से घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खद्रावली बस अड्डे पर सड़क हादसा हो गया जिसमें एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से घोड़ा-बुग्गी को टक्कर मार दी। घटना में घोड़े मौके पर ही दम तोड़ गया, जबकि बुग्गी में सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव खंद्रावली निवासी फुरकान अपनी घोड़ा-बुग्गी में ईंटों का भारी सामान लादकर गांव लौट रहे था। जैसे ही वह अंकित कुमार के बाग के पास पहुंचा तो अचानक पीछे से आ रही रोडवेज बस ने बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि घोड़ा वहीं जमीन पर गिर गया और फुरकान गंभीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत मदद कर घायल फुरकान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद रोडवेज बस का चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले में पीड़ित के परिवार जनों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।

# गोवर्धन पर्व पर छात्र को ट्रस्ट ने दी साइकिल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। ( मोहसीन रहमानी )** कस्बे के पुश्तैनी शिवालय सिद्ध पीठ अंदोसर मंदिर महादेव मारूफ शिवाला कांधला धर्मार्थ ट्रस्ट ( रजि. ) द्वारा गोवर्धन पर्व के पावन अवसर पर एक सादे एवं श्रद्धा से भरे समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पूर्वज स्वर्गीय पंडित जगदीश प्रसाद के पुत्र स्वर्गीय दिनेश प्रसाद कौशिक की जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी स्मृति में एक सामाजिक पहल करते हुए मुरली मनोहर इंटर कॉलेज इस्सोपुर्टील के कक्षा 10 के छात्र गौतम पुत्र सुनील निवासी बोधा बागपत को साइकिल उपहारस्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम में मुरली मनोहर इंटर कॉलेज इस्सोपुर्टील के प्रधानाचार्य पवन कुमार, अमित गोस्वामी, श्रीश कुमार, पंकज कुमार, ए.डी.ओ. पंचायत धर्म सिंह, एस.आई. ओंकार पाण्डेय, मंदिर के पुजारी पंडित राधेश्याम, मनोज कुमार, महिपाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक (एडवोकेट) एवं महासचिव डॉ. शिखा कौशिक ने सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, तत्पश्चात भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया।

## चोर गिरोह का पदार्फाश, 21 बाइक बरामद, दो चोर गिरफ्तार

**कांधला।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से डेढ़ दर्जन से अधिक ,चोरी की बाइक बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली एनपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम सिंह के साथ मंगलवार की रात्रि पुलिस टीम सहित गढ़ी राम कौर रजवाहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

# आर्य सुगंध संस्थान में पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांग बच्चों के साथ परिवार सहित दीपावली मनाई

**वेलकम इंडिया**



जनपद बिजनौर मंडावली क्षेत्र के आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर में पुलिस अधीक्षक ने परिवार के साथ दिव्यांग बच्चों के बीच में दीपावली मनाई बच्चों को मिठाई भी वितरित की पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा अपने परिवार के साथ संस्थान पहुंचे जहां पर अनाथ दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली मनाई बच्चों को फुलझड़ी बिस्किट फ्रूटी मिठाई चिप्स चाकलेट आदि सामान वितरण किया पुलिस अधीक्षक के साथ दिवाली मनाते हुए दिव्यांग बच्चे एवं बुजुर्ग झूम उठे नजीबाबाद सी ओ नितेश प्रताप सिंह ,थाना अध्यक्ष मंडावली पुष्पेंद्र सिंह बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर सुंदर रंगोली देख बहुत खुश हुए , बच्चों ने अपने हाथ से बने देसी गाय के गोबर से निर्मित दीपक अतिथियों के हाथ से प्रज्वलित कराए इस अवसर पर संस्थान प्रबंधिका कमलेश आर्या जी प्रधानाचार्य गर्जना आर्या अध्यापिका साहिबा , गगन आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र दिल्ली रोड नानूपुरी के समीप सड़क हादसे में घायल हुए 30 वर्षीय युवक की मेरठ मेडिकल में उपचार के दौरान मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी रवि अपनी पत्नी दीपा के साथ विगत 19 अक्टूबर को बाइक पर सवार होकर कस्बे में सामान की खरीदारी करने के लिए आ रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित नानूपुरी गांव के समीप पहुंचा तो तेज गति से आए कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। बाइक में कार की टक्कर लगने से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए थे राहगीरों ने पुलिस की मदद से उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर किया था। बुधवार को उपचार के दौरान 30 वर्षीय रवि की मेरठ मेडिकल में मौत हो गई और उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।

# गांव हुसैनपुर सुल्तान में दीपावली का पर्व मातम में बदला

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**





जनपद बिजनौर के किरतपुर। खुशियों और रोशनी का पर्व दीपावली इस बार किरतपुर क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर सुल्तान में मातम में बदल गया। जहां एक ओर पूरे देश में दीप जलाकर खुशियां मनाई जा रही थीं, वहीं दूसरी ओर इसी गांव में एक विवाहिता महिला ने अपने कुँवारे प्रेमी रिश्ते के देवर संग जहर खाकर जीवन समाप्त कर लिया। इस हृदयविदारक घटना से गांव में सन्नाटा छा गया और दीपावली की रौनक गम में डूब गई।जानकारी के अनुसार ग्राम हुसैनपुर सुल्तान निवासी लगभग 32 वर्षीय विवाहिता का अपने ही पड़ोस में रहने वाले 21 वर्षीय अविवाहित युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम संबंधों के चलते दोनों पिछले सप्ताह घर से फरार हो गए थे।महिला के पति ने थाने में तहरीर देकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को बरामद कर लिया था, लेकिन वह अपने पति और दो छोटे बच्चों के साथ घर जाने को तैयार नहीं थी। ओर प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी हुई थी। थाना प्रभारी पुष्पा देवी के समझाने और प्रयासों से महिला घर वापस लौट आई थी। इसी बीच दीपावली के दिन सोमवार को गांव में अचानक यह खबर फैली कि विवाहिता और युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया है और दोनों जंगल के पास गन्ने के खेत में पड़े हैं। सूचना मिलते ही परिवारजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। दोनों को बेहोशी की हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन उपचार के दौरान सोमवार रात करीब 7 बजे दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना ने दीपावली की सारी चमक फीकी कर दी।

# देश के वीर सपूतों को नमन करके मनाई गयी सर्व वैश्य समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** सर्व वैश्य समाज द्वारा 22 अक्टूबर बुधवार को नाटी इमली स्थित गणेश मंडपम मे भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सर्व वैश्य समाज के सभी घटकों,वर्गों एवं उपवर्गों की सहभागिता रहीं कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की प्रार्थना व दीप प्रज्वलित करके किया गयो इस वर्ष का दीपावली मिलन समारोह हमारे भारत देश के वीर सपूतों भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन करते हुए भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को नमन करते हुए एक दीप शहीदों के नाम पर अर्पित करते हुए मनाया गया। कार्यक्रम के क्रम में सर्व वैश्य समाज के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री रविन्द्र जायसवाल द्वारा सपरिवार माता लक्ष्मी जी की भव्य आरती उतरी गईं मुख्य अतिथि मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने अपने उदबोधन मे कहा वैश्य समाज का स्वर्णिम इतिहास रहा है हमें समर्पण के साथ देश के निर्माण व विकास मे हर संभव योगदान करना होगो इसी पवित्र उद्देश्य के साथ आज वैश्य समाज अपने उद्योग एवं व्यापार का संचालन कर राष्ट्र निर्माण में संलग्न हैं वैश्य समाज के सभी वर्गों में आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से इस बार भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है तथा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं मातृभूमि पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ एक दीप जलाकर हम उनको नमन करते है। समिति के अध्यक्ष आर.के.चौधरी ने कहा कि पांच दिवसीय दीपोत्सव का यह पर्व दीपावली हम सनातनियों का एक मुख्य पर्व है तथा वैश्य समाज का प्रमुख पर्व है साथ ही वैश्य समाज के लोगो से आवाहन किया कि समाज सेवा के मूल उद्देश्यों के अनुरूप संगठित होकर समाज एवं देश के को संगठित,आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के लिए हमे एकजुट होकर कार्य करना होगा।

# गोवर्धन पूजन के उपलक्ष पर अन्नकूट के विशाल भंडारे का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद**



**जनपद बिजनौर नगीना।** गोवर्धन पूजन के उपलक्ष पर पूर्व में संचालित भगवान दास मंगू लाल सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में अन्नकूट का भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों भक्त जनों ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य किया। दीपावली से दूसरे दिन गोवर्धन पूजन के उपलक्ष पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी झारखंड महादेव गुजराती मंदिर पर भोग लगाने के बाद अन्नकूट के भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक पूर्व में संचालित भगवानदास मंगू लाल सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर के प्रांगण में अन्नकूट का भंडारा भगवान दास मंगुलाल गुजराती महाराज के शिष्य मन्नूलाल गुजराती के पुत्र अनूप दत्त शर्मा की प्रेरणा से सेकड़ो वर्षो से अन्नकूट का भंडारा झारखंड महादेव मंदिर पर भोग लगाने के बाद आयोजित किया जाता है। जिसमें विशेष प्रकार का प्रसाद ंइस समय मिलने सभी प्रकार की सब्जियोंं से तैयार कर भगवान के भोग के बाद भक्तों को भोग प्रसाद खिलाया जाता है।उक्त भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर भक्तजन अपने को धन्य मानते हैं।इस अवसर पर मुरादाबाद से आए प्रवन्धक संजय शर्मा, अक्षत शर्मा ,प्रदीप शर्मा, अखिलेश, मुकेश, प्रज्जवल वर्मा, सुनील वर्मा, शौर्य वर्मा पारितोष शर्मा, प्रेम कुमार चौहान, ललित गुप्ता, परितोष कौशिक, रामगोपाल सिंह, अक्षत शर्मा, श्रीमती सरीता वर्मा, रमा वर्मा, मुकेश सिंह, प्रदीप शर्मा आदि ने झारखंड महादेव मंदिर पर पहुंचकर झारखंड महाराज का भोग लगाया। उसके बाद विद्यालय भवन में भंडारे का प्रारंभ किया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने वालों में डॉ संदीप शर्मा, चेतन शर्मा, दर्शन त्रिपाठी, संजीव दत्त शर्मा,सौरभ कौशिक, रविन्द्र सारस्वत, अमित शर्मा, सचिन शर्मा, मुकेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रबोध कुमार, सुनील शर्मा, विजय भारत डॉ संजीव गौड़ा गोपाल दत्त शर्मा सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# देश के वीर सपूतों को नमन करके मनाई गयी सर्व वैश्य समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** सर्व वैश्य समाज द्वारा 22 अक्टूबर बुधवार को नाटी इमली स्थित गणेश मंडपम मे भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सर्व वैश्य समाज के सभी घटकों,वर्गों एवं उपवर्गों की सहभागिता रहीं कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की प्रार्थना व दीप प्रज्वलित करके किया गयो इस वर्ष का दीपावली मिलन समारोह हमारे भारत देश के वीर सपूतों भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन करते हुए भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को नमन करते हुए एक दीप शहीदों के नाम पर अर्पित करते हुए मनाया गया। कार्यक्रम के क्रम में सर्व वैश्य समाज के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री रविन्द्र जायसवाल द्वारा सपरिवार माता लक्ष्मी जी की भव्य आरती उतरी गईं मुख्य अतिथि मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने अपने उदबोधन मे कहा वैश्य समाज का स्वर्णिम इतिहास रहा है हमें समर्पण के साथ देश के निर्माण व विकास मे हर संभव योगदान करना होगो इसी पवित्र उद्देश्य के साथ आज वैश्य समाज अपने उद्योग एवं व्यापार का संचालन कर राष्ट्र निर्माण में संलग्न हैं वैश्य समाज के सभी वर्गों में आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से इस बार भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है तथा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं मातृभूमि पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ एक दीप जलाकर हम उनको नमन करते है। समिति के अध्यक्ष आर.के.चौधरी ने कहा कि पांच दिवसीय दीपोत्सव का यह पर्व दीपावली हम सनातनियों का एक मुख्य पर्व है तथा वैश्य समाज का प्रमुख पर्व है साथ ही वैश्य समाज के लोगो से आवाहन किया कि समाज सेवा के मूल उद्देश्यों के अनुरूप संगठित होकर समाज एवं देश के को संगठित,आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के लिए हमे एकजुट होकर कार्य करना होगो समिति के महामंत्री दीपक बजाज ने समिति के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपना वैश्य समाज आज शिक्षा,सिविल सेवाओं,उद्योग व्यापार आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा तथा देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रहा हैं इस बार समिति ने दीपावली मिलन समारोह को और भी आकर्षक बनाने हेतु पुरस्कार वितरण भी रखा है।

# अन्नकूट प्रसाद वितरण व विशाल भंडारे का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** आनंदेश्वर महादेव शिव मंदिर रेलवे रोड़ , मोदीनगर में गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर अन्नकूट प्रसाद वितरण व विशाल भंडारे के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं को स्नेहपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया।

नगर के सैकड़ों भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा-अर्चना कर बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भक्ति, सौहार्द और आनंद का मनोहारी वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता में



समाजसेवी शिक्षाविद विनोद कुमार माहेश्वरी नरेंद्र माहेश्वरी कुमोद माहेश्वरी गौरव माहेश्वरी, अंकुर माहेश्वरी एवं आशीष माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी, पवन वर्मा, प्रियंका वर्मा, डा अंकिता माहेश्वरी, श्री सुलेख गुप्ता आदि गणमान्य लोगो का इस पावन अवसर पर विशेष योगदान रहा। यह आयोजन समाज में सेवा, संस्कार, सहयोग एवं एकता के पवित्र संदेश को समर्पित रहा।



# रालोद कार्यकताओं में वीरपाल मलिक को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निजी सलाहकार वीरपाल मलिक यह जन्म दिवस पर उनके आवास पर वसुंधरा पहुंचकर राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय सचिव बिट्टू खंजरपुर व अरुण तोमर ने उन्हें बुक्का देकर बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके दीघार्यु की कामना की।

# मास्टर सीवरेज योजना के तहत मुजेसर में बनेगा 40 एमएलडी का पंपिंग स्टेशन

वेलकम इंडिया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) शहर के बुनियादी ढांचे को भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। वर्ष 2031 की अनुमानित 39.50 लाख आबादी को ध्यान में रखते हुए एफएमडीए ने तीन हजार करोड़ से अधिक की मास्टर योजना तैयार की है। इसके तहत शहर की सीवरेज और पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाएगा। इसी कड़ी में मुजेसर में 40 एमएलडी का पंपिंग स्टेशन बनाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा। एफएमडीए ने मुजेसर सेक्टर-24 में 40 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) क्षमता वाले नए मुख्य पंपिंग स्टेशन (एमपीएस) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए सात करोड़ की अनुमानित लागत से जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा। कार्य को छह महीने की समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुजेसर का यह पंपिंग स्टेशन फरीदाबाद की मास्टर सीवरेज स्कीम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पुराने और सीमित क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन को बदलकर आधुनिक और उच्च क्षमता वाली मशीनरी स्थापित की जाएगी। इसमें उन्नत पंपिंग मशीनें, पैनल बोर्ड, डीजी सेट, ट्रांसफार्मर, केबलिंग और पाइपलाइन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। इस परियोजना से मुजेसर सेक्टर-22, 23, 24, 25 और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में सीवरेज ओवरफ्लो और जलभराव जैसी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा। एफएमडीए की यह पहल लोगों को गंदे पानी से स्थायी समाधान दिलाने के लिए काफी अहम साबित होने वाली है। नया पंपिंग स्टेशन सीवरेज निकासी की क्षमता बढ़ाकर सड़कों पर गंदे पानी के जमाव को रोकने में मदद करेगा। इससे बरसात के मौसम में जलभराव की घटनाएं कम होंगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी कम होगा। इसके साथ ही नई आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने से इस कार्य में पहले की अपेक्षा बिजली की भी बचत होगी। वहीं जल निकासी का कार्य भी कम समय में हो जाएगा।

## ध्वनि व वायु प्रदूषण बढ़ा, आखों में जलन व सांस की दिक्कत बढ़ी

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दीपावली पर्व की खुशी व उत्साह के चलते ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रतिबंधित पटाखों की धड़ल्ले से बिक्री हुई। प्रतिबंधित पटाखों से जहां ध्वनि व वायु प्रदूषण बढ़ा, वहीं बुजुर्गो को सांस लेने तथा अन्य लोगों को आंखों में जलन व खांसी जुकाम व बुखार की समस्याएं भी बढ़ी हैं। बताया जाता है कि ग्रीन व प्रतिबंधित पटाखों की शिनाख्त सुगमता से न हो पाले के कारण पटाखा विक्रेताओं ने प्रतिबंधित पटाखों को धड़ल्ले से बेचकर चांदी बनायी। इतना ही नहीं पटाखे छुड़ाने की अनुमति महज रात्रि दस बजे तक बतायी गई थी, लेकिन देर रात (एक दो बजे तक) पटाखों की गूंज रही। जिससे प्रदूषण घातक सिद्ध हुआ।

# श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की और गो-सेवा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। गोवर्धन पूजा के उपरांत समाजसेवी अरविंद जिंदल ने गौशाला में सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए 11 नए गद्दे भेंट किए। जिससे गौशाला में रह रहे गोवंश को बैठने में सुविधा हो सके। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व राज्य मंत्री एवं व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, समाजसेवी अरविंद जिंदल, सतीश चंद्र गर्ग व पत्रकार अनिल मित्तल उपस्थित रहे। गौशाला प्रबंध को द्वारा सभी अतिथियों को गोवंश की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौवंश श्रध्दालुओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से न केवल गो-सेवा को बढ़ावा मिलता है, बल्कि समाज में पारंपरिक संस्कारों की महत्ता को भी मजबूती मिलती है। उपस्थित लोगों ने गोवंश की सेवा और संरक्षण के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# भाई दूज पर लोकल मार्गों पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

वेलकम इंडिया

**आगरा।** भाई दूज के लिए परिवहन निगम ने बसों के फेरे बढ़ाए हैं। निगम की ओर से करीब 747 बसों का संचालन किया जा रहा है। लोकल मार्गों पर बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाएंगे।

परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक बीपी अग्रवाल ने बताए कि भाई दूज के लिए बहनों को आवागमन में दिक्कत ना हो इस संबंध में बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। आगरा से फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, एटा, कासगंज आदि शहरों के लिए करीब 300 बसों का संचालन किया जा रहा है। दिवाली से पहले ही बसों के 25 प्रतिशत फेरे बढ़ाए गए थे। भाई दूज पर यात्रियों की संख्या ज्यादा होने का अंदेशा है, ऐसे में और ज्यादा फेरे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आगरा से नोएडा के लिए 201 बसों का संचालन किया जा रहा है। सराय काले खान के लिए 116 बस, लखनऊ के लिए 80, जयपुर के लिए 50 बसें चलाई जा रही है। यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा ना हो इसके लिए बस अड्डे पर अतिरिक्त पूछताछ काउंटर बढ़ाए गए हैं। इसके अलावा कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। विभाग के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

# नगर निगम में शामिल 24 गांवों में बदलेगी सूरत

वेलकम इंडिया



**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद में शामिल हुए 24 गांवों की किस्मत अब बदलने वाली है। निगम प्रशासन ने इन गांवों में लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य शुरू करने की योजना बनाई है। इस पहल से ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं की सौगात मिलने के साथ शहर और गांव के बीच का विकास अंतर भी कम होगा। जानकारी के अनुसार करीब साढ़े चार साल पहले सरकार ने 24 पंचायतों को नगर निगम के अधीन किया था। लेकिन निगम की सीमाओं में आने के बावजूद अब तक इन गांवों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। शामिल हुए कई गांवों में निगम की भूमि पर कब्जे की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त ने कुछ गांवों का निरीक्षण भी किया है। वहीं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के प्रयासों से अब निगम ने सभी 24 गांवों में एक साथ विकास कार्य शुरू करने की योजना बनाई है। अधिकारियों के मुताबिक प्रस्तावित 400 करोड़ रुपये से सड़कों का निर्माण, सीवरेज लाइन, स्ट्रीट लाइट, पार्क, पेयजल लाइन और सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना के पूरा होने के बाद ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही मूलभूत सुविधाओं की समस्या से राहत मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह योजना धरातल पर उतरी तो गांवों का चेहरा बदल जाएगा और निगम पर लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा।

# बहन के घर झगड़ा सुलझाने गए भाई को गोली मारने के मामले में 4 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**फरीदाबाद।** सारन थाना इलाके में बहन के घर झगड़ा सुलझाने गए पिता से मारपीट व एक भाई को गोली मारने के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने आरोपी को पकड़ा है। आरोपियों में नंगला एन्क्लेव पार्ट टू के रहने वाले आशीष, हर्ष उर्फ भूरा, कल्लू व मनीष शामिल हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि आशीष की शादी वर्ष 2020 में पीड़ित रोबिन की बहन के साथ हुई थी। आशीष और उसकी पत्नी का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आशीष की पत्नी ने अपने परिवार को सूचना दी तो 19 अक्तूबर को आशीष के साले व ससुर उसके घर पर आये थे। उसने अपने दोस्त हर्ष उर्फ भूरा को पहले ही बुला लिया था। हर्ष अपने साथ कल्लू, मनीष व अन्य को लेकर आया था। इसी दौरान झगड़ा हुआ तो राजकुमार उर्फ आशीष ने साले रोबिन को गोली मार दी। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों से टीम पूछताछ कर रही है। सारन थाना इलाके के नंगला एन्क्लेव पार्ट टू में यह वारदात 19 अक्तूबर की रात को हुई थी। नंगला एन्क्लेव पार्ट 1 निवासी वंश राठी ने पुलिस को शिकायत दी कि 19 अक्तूबर को उसकी बहन का फोन आया कि उसका पति आशीष व ससुर गाली गलौज कर उसको घर से बाहर निकालने की धमकी दे रहे हैं। इसके बाद वंश, भाई रोबिन व पिता के साथ बहन के घर पहुंचे।

वहां पर पहले से ही आशीष के दोस्त भूरा, विक्रम अवाना, कल्लू अवाना, मोनू, सुशील, रॉकी व 15/20 अन्य लड़के मौजूद थे। आरोपियों ने उन्हें पीटा और रोबिन को गोली मार दी। सारन थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का वार्षिक दीवाली मिलन समारोह आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रोशनी, उल्लास और प्रेम के त्योहार दीवाली के अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का वार्षिक दीवाली मिलन समारोह इस बार भी पूरी भव्यता और उमंग के साथ आयोजित किया गया। विशेष बात यह रही कि इस बार का आयोजन संस्थान के वंचित समाज से जुड़े कर्मचारियों को समर्पित रहा। मेवाड़ परिवार ने इन कर्मठ कर्मचारियों को न केवल सम्मानित किया बल्कि उनके योगदान को सच्चे अर्थों में दीपावली का उजाला बताया। मेवाड़ संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जैसे ही वंचित समाज के कर्मचारियों को मंच पर बुलाया गया, पूरा हॉल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया,



महासचिव अशोक कुमार सिंघल, निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल सहित मेवाड़ परिवार के सभी सदस्यों ने इन कर्मचारियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न व उपहार भेंट किए। यह दृश्य आपसी सम्मान और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में मेवाड़ परिवार के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कविता पाठ, एकल नृत्य, समूह नृत्य, संगीत और नाट्य रूपांतरण जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर प्रियांशु सक्सेना, रिंकी, महिमा, गौरव, डॉ. रश्मि जायसवाल, मोहम्मद शमी, श्रेया अग्रवाल, शुभम, विनय, कंचन पांडेय, नंदिता एंड ग्रुप ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनमें समाज के हर वर्ग तक रोशनी पहुंचाने का संदेश छिपा था। समारोह का कुशल संचालन अमित पाराशर ने किया, जिनकी सधी हुई मंच-संवाद शैली ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। अपने संबोधन में डॉ. अशोक कुमार गदिया ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम दीवाली केवल रोशनी से नहीं बल्कि अच्छे कर्मों से मनाएं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत हमें अपने घरों के साथ-साथ पूरे परिसर और आस-पड़ोस की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। यह पर्व माता लक्ष्मी और माता सीता से जुड़ा है, इसलिए हमें इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेवाड़ परिवार की परंपरा हमेशा से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की रही है और यही भावना हमें सच्चे अर्थों में एकता और समरसता की दिशा में आगे बढ़ाती है।

# प्रॉपर्टी कारोबारी पर दिवाली की रात फायरिंग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के टीला मोड़ थाना क्षेत्र में दिवाली की रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर सरेराह फायरिंग का मामला सामने आया। बताया जा रहा है कि घटना दिवाली की शाम की है, जब क्षेत्र में रोशनी और जश्न के बीच अचानक गोली चलने की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। आरोपी बीच सड़क पर पिस्टल लहराते हुए कारोबारी पर गोली चलाता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रॉपर्टी कारोबारी पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले भी उस पर जानलेवा हमला हो चुका है, जिसके बाद उसने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। लेकिन इस बार फिर उसी पर दिवाली की रात हमलावरों ने फायरिंग कर दी। चश्मदीदों का कहना है कि आरोपी ने सड़क पर पहले धमकी भरे लहजे



में बहस की और फिर अचानक पिस्टल निकालकर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली कारोबारी को छूकर निकल गई, वरना एक बड़ी वारदात हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही टीला मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने घटना को लेकर लापरवाही बरती और आरोपी के भाग जाने के बाद इलाके में किसी प्रकार की तुरंत घेराबंदी नहीं की गई। लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिवाली जैसी व्यस्त रात में भी खुलेआम हथियार लहराते हुए गोलीबारी कर दी गई और पुलिस समय पर नहीं पहुंच सकी। सूत्रों के अनुसार, फायरिंग की यह पूरी घटना पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में स्पष्ट रूप से एक व्यक्ति को पिस्टल से फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है। कारोबारी ने आरोप लगाया है कि उसे पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी थीं, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। फिलहाल टीला मोड़ थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पीड़ित कारोबारी और स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से थाना पुलिस की निष्क्रियता की जांच कराने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। दिवाली की रात इस फायरिंग की घटना ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि गाजियाबाद जैसे व्यस्त शहर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं और क्या पुलिस की गश्त व निगरानी व्यवस्था महज औपचारिकता बनकर रह गई है।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर बुधवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नंदी पार्क गौशाला पहुंचकर श्रद्धा और भक्ति के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न की। नगर आयुक्त ने परंपरागत विधि-विधान से गौमाता की पूजा-अर्चना की, उन्हें माला पहनाई, लाल चुन्नी उड़ाई और पूजन के पश्चात गोवंशों को गुड़ और हरा चारा खिलाया। इस दौरान गौशाला परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने वृंदावन बिहारी लाल श्रीकृष्ण भगवान और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाए- श्रीकृष्ण भगवान की जय, गोवर्धन महाराज की जय और गौमाता की जय के उद्घोषों से संपूर्ण परिसर गूंज उठा। नगर आयुक्त ने इस अवसर पर उपस्थित शहरवासियों और गौशाला कर्मियों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई वितरित की और सभी से आग्रह किया कि वे न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी गोवंश के महत्व को समझें। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, जल, भूमि और जीवों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक पर्व है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि मानव और प्रकृति का गहरा संबंध है, और जब तक हम प्रकृति के प्रति संवेदनशील नहीं होंगे, तब तक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती। नगर आयुक्त मलिक ने शहरवासियों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गोवंश न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय हैं, बल्कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में भी इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गाय के दूध से जहां स्वास्थ्य लाभ होता है, वहीं उसका गोबर और मूत्र पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। गोबर का उपयोग जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, दीपक निर्माण, ऊर्जा उत्पादन और कई प्रकार के पर्यावरण हितकारी कार्यों में किया जा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि लोग गोबर को नालियों या कचरे में न बहाएं बल्कि उसका सही और उपयोगी इस्तेमाल करें।

**नगर आयुक्त ने किया गौ पूजन, गोवंशों को खिलाया गुड़-चारा**

नगर आयुक्त ने गोपालकों से भी यह अपील की कि वे गोवंशों को सड़कों पर खुले में न छोड़ें क्योंकि इससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि गोवंशों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता है।

# दिवाली की रात हरिद्वार से छोड़ा गया गंगाजल

वेलकम इंडिया

- अब पानी आने की खबर से वसुंधरा से लेकर वैशाली तक लोग उत्साहित हैं।
- पानी जैसे ही हमारे प्लांट तक पहुंचेगा, हम तुरंत आपूर्ति शुरू कर देंगे।

**साहिबाबाद**। दिवाली की रात गाजियाबाद के लोगों के लिए खुशखबरी लेकर आई। हरिद्वार से मंगलवार रात गंगाजल छोड़ा गया, जो मंगलवार देर रात तक मुजफ्फरनगर तक पहुंच गया। जल निगम के अनुसार बुधवार सुबह तक यह पानी गंगनहर तक पहुंच गया। जबकि शुक्रवार तक यह सिद्धार्थ विहार स्थित दोनों गंगाजल प्लांटों तक पहुंच जाएगा। इसके बाद आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इस पवित्र जल के आगमन से करीब 10 लाख से अधिक लोगों को राहत मिलने जा रही है। गौरतलब है कि हर साल दशहरा की रात से गंगनहर का पानी वार्षिक सफाई के लिए बंद किया जाता है।

इस बार भी दो अक्टूबर की रात से पानी की आपूर्ति रोक दी गई थी। सफाई कार्य के चलते दिवाली जैसे बड़े त्योहार पर भी शहर के कई इलाकों में गंगाजल नहीं पहुंच पाया। वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम और सिद्धार्थ विहार जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ी। नगर निगम ने गंगाजल की अनुपलब्धता के दौरान नलकूपों से अस्थायी आपूर्ति की, लेकिन वह भी सीमित समय के लिए थी। ऊंची मंजिलों तक टैंकरों से पानी चढ़ाने में भी दिक्कत आई। जिन इलाकों में भूजल से आपूर्ति हुई, वहां टीडीएस अधिक होने के कारण पानी की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आईं। गाजियाबाद में गंगाजल से दो प्रमुख प्लांट- 240 एमएलडी और 120 एमएलडी क्षमता वाले सिद्धार्थ विहार प्लांट संचालित होते हैं। इन दोनों प्लांटों का लगभग 25 प्रतिशत पानी गाजियाबाद शहर को और बाकी नोएडा को भेजा जाता है। सफाई के चलते आपूर्ति बंद रहने से सबसे अधिक असर वैशाली, वसुंधरा और इंदिरापुरम जैसे इलाकों पर पड़ा। अब दिवाली की रात हरिद्वार से छोड़े गए जल के साथ एक बार फिर शहर के नलों में गंगाजल बहने की उम्मीद है। बुधवार को पानी के मुरादनगर रेगुलेटर तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। इसके बाद सिद्धार्थ विहार स्थित दोनों प्लांटों में जल पहुंचने के साथ ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जल निगम के अधिशासी अभियंता ब्रह्मानंद ने बताया कि दिवाली की रात हरिद्वार से गंगाजल छोड़े जाने की पुष्टि हो चुकी है। पानी जैसे ही हमारे प्लांट तक पहुंचेगा, हम तुरंत आपूर्ति शुरू कर देंगे। उम्मीद है कि शुक्रवार तक शहर को गंगाजल मिलने लगेगा। शहरवासियों ने भी राहत की सांस ली है। बीते तीन सप्ताह से जल संकट झेल रहे लोगों का कहना है कि गंगाजल न आने से न केवल पेयजल की दिक्कत हुई बल्कि दिवाली की तैयारियों में भी बाधा आई। अब पानी आने की खबर से वसुंधरा से लेकर वैशाली तक लोग उत्साहित हैं। गंगाजल आपूर्ति शुरू होने के साथ ही गाजियाबाद के नलों में एक बार फिर पवित्र गंगा का जल प्रवाहित होगा, जिससे न केवल पानी की कमी दूर होगी बल्कि त्योहारी बादल छाए चेहरों पर फिर से ताजगी लौट आएगी।

# अर्थला की नीलमणि कॉलोनी में छठ मैया की मूर्ति खंडित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। अर्थला स्थित नीलमणि कॉलोनी में सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब छठ मैया की प्रतिमा खंडित पाई गई। प्रतिमा टूटी देख स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इक्का हो गए।

लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार, छठ पर्व के अवसर पर कॉलोनी में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष की तरह छठ मैया की प्रतिमा स्थापित की गई थी। मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने देखा कि प्रतिमा का एक हिस्सा टूटा हुआ है। देखते ही देखते कॉलोनी के अन्य निवासी भी वहां पहुंच गए और घटना पर रोष व्यक्त किया। सूचना मिलते ही एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और पूरे प्रकरण की जांच की। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि पास के मैदान में चरने आए पशुओं के गुजरने के दौरान उनके पैर से प्रतिमा अनजाने में खंडित हो गई थी। एसीपी श्वेता यादव ने बताया कि मौके पर किसी तरह की जानबूझकर की गई तोडफोड़ की घटना नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि आसपास बड़ी संख्या में पशु चरने आते हैं। प्रतिमा के पास से गुजरते समय एक पशु का पैर लगने से प्रतिमा का हिस्सा टूट गया था। लोगों को स्थिति समझाई गई और पुलिस की मदद से प्रतिमा को दोबारा स्थापित करा दिया गया है। समाजसेवी जय दीक्षित ने बताया कि प्रतिमा खंडित होने की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और लोगों को शांत कराया। स्थानीय निवासियों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की और कहा कि समय पर पहुंचने से माहौल शांत रहा। कुछ ही घंटों में प्रतिमा को फिर से सही कर स्थापित कर दिया गया और श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना भी की। घटना के बाद से इलाके में शांति बनी हुई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और धार्मिक सौहार्द बनाए रखें।

# नगर आयुक्त ने किया टीएसटीपी का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। शहर में पर्यावरणीय संतुलन और जल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम के रूप में शुरू किया गया ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट अब अपने पूर्ण स्वरूप में तैयार हो चुका है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत इंदिरापुरम स्थित 40 एमएलडी टर्शियरी ट्रीटमेंट सेफ्टी प्लांट (टीएसटीपी) का कार्य पूर्ण हो गया है। इस प्लांट से अब साहिबाबाद की लगभग 1200 औद्योगिक इकाइयों को प्रतिदिन 15 एमएलडी शोधित जल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे न केवल औद्योगिक उत्पादन को स्थिरता मिल रही है बल्कि भूजल संरक्षण में भी बड़ी सफलता हासिल हो रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बुधवार को प्रोजेक्ट की प्रगति और संचालन व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया।

उनके साथ कमेटी के सदस्य, महाप्रबंधक जल के.पी. आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार, तथा वेबेग कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहती सहित उनकी तकनीकी टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर शोधित जल की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा, लैब का निरीक्षण किया और वहां चल रही वॉटर क्वालिटी टेस्टिंग की जानकारी ली। उन्होंने परियोजना के संचालन से संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उपकरणों की कार्यक्षमता और रखरखाव की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान बताया कि यह परियोजना गाजियाबाद के विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट के तहत इंदिरापुरम का यह टीएसटीपी प्लांट पूरी तरह चालू अवस्था में है। अभी तक इस 40 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट से करीब 15 एमएलडी जल साहिबाबाद की औद्योगिक इकाइयों को दिया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही बढ़ाया जाएगा। यह पहल न केवल उद्योगों की जल आवश्यकताओं को पूरा कर रही है, बल्कि भूमिगत जल पर निर्भरता कम कर पर्यावरण के संरक्षण में भी मददगार है। उन्होंने यह भी कहा कि गाजियाबाद नगर निगम इस प्लांट को शहर के अन्य इलाकों के लिए भी मॉडल के रूप में विकसित करेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर में जल पुनर्चक्रण प्रणाली को एक सुदृढ़ आधार मिला है। निगम का प्रयास है कि आने वाले समय में नगर क्षेत्र की अन्य औद्योगिक इकाइयों को भी शोधित जल की आपूर्ति शुरू की जाए, जिससे शुद्ध जल संसाधनों पर दबाव कम हो और गाजियाबाद पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक शहर के रूप में उभरे। सूत्रों के अनुसार, यह परियोजना लगभग तीन वर्षों में पूर्ण की गई, जिसमें जल शोधित करने की अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।

# पर्यावरण मंत्रालय ने मुख्य सचिव, डीएम और पुलिस कमिश्नर को भेजा नोटिस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लगातार बढ़ते प्रदूषण स्तर और पर्यावरणीय उपेक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन न होने पर केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाया है। मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, गाजियाबाद के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मंत्रालय ने इन अधिकारियों से सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।

यह नोटिस मंत्रालय के अतिरिक्त निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. अमित लव द्वारा जारी किया गया है। नोटिस में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि याचिकाकर्ता वी.के. मित्तल की ओर से उनके अधिवक्ता गौरव गोयल ने 24 सितंबर 2025 को मंत्रालय को एक अवमानना नोटिस भेजी थी। उक्त नोटिस सुप्रीम कोर्ट द्वारा 15 नवंबर 2022 को दिए गए आदेश से संबंधित है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने गाजियाबाद प्रशासन को शहर में हरित क्षेत्रों के संरक्षण एवं रखरखाव और यातायात प्रबंधन योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए स्थानीय प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां जाम, धूल और हरित आवरण की कमी प्रदूषण बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभा रही है। कोर्ट ने गाजियाबाद प्रशासन को यह भी निर्देश दिया था कि यातायात प्रबंधन योजना का पालन और उसकी निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए।

# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगे छह लाख रुपये

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। निवेश करके मोटी कमाई के लालच में राजनगर एक्सटेंशन के हर्षवर्धन को शातिरों ने पौने छह लाख रुपये की चपत लगा दी। आरोपियों ने उनको व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर ठगी की। मामले में उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी है। उन्होंने ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज कराई है। हर्षवर्धन ने बताया कि 13 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से एक लिंक आया था। उसे खोलने पर उसमें टास्क पूरा कर कमाई करने की बात लिखी थी। वह आगे बढ़े तो एप डाउनलोड हो गया। इसमें एक टास्क पूरा करने पर उनको 75 रुपये मिले। इसके बाद ठगों ने उनसे संपर्क किया। ठगों ने उन्हें इसमें निवेश कर छह माह में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। उनकी बातों में आकर उन्होंने दिए गए खाते में कुल पौने छह लाख रुपये सात बार में ट्रांसफर कर दिए। उन्हें एप में रकम बढ़ी हुई भी दिख रही थी लेकिन वह उसको निकाल नहीं पा रहे थे। जब उन्होंने पैसा न निकलने की बात कही तो आरोपियों ने कहा कि उनको और पैसा भेजना होगा। जब उन्होंने पैसा भेजने से मना किया तो आरोपियों ने उनसे संपर्क तोड़ दिया।

# कार की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत

**इंदिरापुरम**। तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए युवक की बुधवार को अस्पताल में मौत हो गई। घटना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र डीएमई पर हिंडन नदी के पास हुई। गढ़मुक्तेश्वर के अल्लाबक्शपुर निवासी माहिर ने बताया कि वह अपने बड़े भाई आफताब के साथ नोएडा से काम खत्म करके वापस गढ़ जा रहे थे। रास्ते में डीएमई पर हिंडन नदी के पास से दिल्ली की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक काफी दूर तक घिसटती चली गई। इस घटना में दोनों घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर भाग गया। घायल दोनों भाइयों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान भाई आफताब की मौत हो गई। उन्होंने कार नंबर के आधार पर थाने में शिकायत दी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# दीपावली की रात पति ने खुद को लगा ली आग, मौत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दीपावली की रात नंदग्राम थाना क्षेत्र में उस वक्त दिल दहला देने वाली घटना घट गई जब पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला तो पति ने अपने ऊपर डीजल डालकर खुद को आग लगा ली। जलता हुआ पति जान बचाने के लिए सड़क पर दौड़ता रहा और पड़ोसियों के दरवाजे पीटकर मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन जब तक लोग बाहर निकले, वह गंभीर रूप से झुलस चुका था। लोगों ने कपड़ा और मिट्टी डालकर आग बुझाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने झुलसे युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार दोपहर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय के अनुसार मृतक की पहचान टिंकू कुमार, निवासी बहादुरपुर थाना सरधना, मेरठ के रूप में हुई है। टिंकू मजदूरी करता था और कई वर्षों से पत्नी और बच्चों के साथ नंदग्राम इलाके के नूरनगर में शिव डेयरी के पास किराये के मकान में रह रहा था। करीब डेढ़ माह से टिंकू का पत्नी से विवाद चल रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि वह अक्सर घर से बाहर ही रहता था और कभी-कभी ही घर लौटता था। दीपावली की रात करीब दो बजे वह शराब के नशे में पत्नी को मनाने घर पहुंचा, लेकिन पत्नी ने दरवाजा खोलने से इंकार कर दिया। बताया गया कि टिंकू अपने साथ एक बोतल में डीजल लेकर आया था और पत्नी को डराने के लिए उसने धमकी दी कि अगर दरवाजा नहीं खोला तो वह खुद को आग लगा लेगा। पत्नी के दरवाजा न खोलने पर टिंकू ने डीजल अपने ऊपर डाल लिया और माचिस जलाकर खुद को आग के हवाले कर दिया। आग की लपटों में घिरा टिंकू चीखते हुए सड़क पर भागा और पड़ोसियों के दरवाजे पीटते हुए बोला मुझे आज बचा लो कोई। लोग बाहर निकले और कपड़ा व मिट्टी डालकर किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक टिंकू बुरी तरह झुलस चुका था। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दिल्ली रेफर किया, जहां मंगलवार दोपहर उसकी मौत हो गई। मामले में नया मोड़ तब आया जब टिंकू के परिजनों ने पत्नी पर आग लगाने का आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में टिंकू खुद पर डीजल डालते और आग लगाते हुए दिखाई दे रहा है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी सिटी धवन जायसवाल ने बताया कि नंदग्राम क्षेत्र के नूरनगर में यह घटना दीपावली की रात हुई थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं जिनमें टिंकू डीजल की बोतल लेकर आता दिख रहा है। दिल्ली से युवक की मौत की सूचना मंगलवार देर शाम प्राप्त हुई है। दीपावली की खुशियों के बीच इस दर्दनाक घटना ने इलाके को गमगीन कर दिया है। आसपास के लोग अब भी उस रात की भयावह चीखें नहीं भूल पा रहे हैं, जब एक पति ने पत्नी की बेरुखी से आहत होकर अपनी जान दे दी।

# बात करने के लिए मैदान में बुलाया, पीट पीटकर किया अधमरा

**गाजियाबाद**। मधुबन-बापूधाम क्षेत्र के रईसपुर स्थित चौधरी चरण सिंह मैदान के पास युवक को बात करने के लिए बुलाकर पीट पीटकर अधमरा करने की घटना सामने आई है। मामले में रईसपुर के अकुल ने मधुबन बापूधाम थाने में पवन, ऋषभ, देव चौधरी, शौर्य व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अकुल ने बताया कि 20 अक्टूबर की शाम वह अपने दोस्त लवीश के साथ अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान पवन ने उनको कॉल कर मैदान में जरूरी बात करने के लिए बुलाया। जब वह वहां पहुंचे तो पवन, अपने लड़के ऋषभ, देव, शौर्य व अन्य चार लोगों के साथ मौजूद था। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों ने उनको इतना पीटा कि वह बेहोश हो गए। आरोपी अधमरा हालत में छोड़कर भाग गए। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया।



# गोवर्धन पर्व पर डासना में कलश यात्रा सकुशल संपन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गोवर्धन पर्व के अवसर पर डासना क्षेत्र में बुधवार को आयोजित कलश यात्रा सकुशल और सुरक्षित रूप से संपन्न हुई। यह यात्रा श्री राम कॉलोनी डासना से डासना देवी मंदिर तक निकाली गई। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत यह आयोजन पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देश और पुलिस उपायुक्त नगर जोन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यात्रा का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष वेव सिटी, थानाध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक, मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा किया गया। प्रियाश्री पाल ने बताया कि कलश यात्रा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थी। इसमें भारी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल थे। यात्रा के दौरान महिला पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने पूर्ण अनुशासन, सतर्कता और समर्पण के साथ उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को न्यूनतम रखा। प्रियाश्री पाल ने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की सक्रियता और त्वरित प्रतिक्रिया के कारण कलश यात्रा बिना किसी अवरोध के संपन्न हो सकी। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। आज की यात्रा में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी टीम की पहली जिम्मेदारी थी, जिसे हम सफलतापूर्वक निभा पाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। कलश यात्रा के दौरान पुलिस की सतत निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया और अनुशासनिक व्यवस्था के कारण सभी श्रद्धालु सुरक्षित रूप से मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना संपन्न कराई।

प्रियाश्री पाल ने इस अवसर पर कहा कि आगे भी ऐसी धार्मिक और सांस्कृतिक यात्राओं में महिला पुलिस टीम की भूमिका को और मजबूत किया जाएगा, ताकि सभी कार्यक्रमों को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न कराया जा सके। इस प्रकार डासना क्षेत्र में आयोजित गोवर्धन पर्व की कलश यात्रा ने न केवल धार्मिक माहौल को उजागर किया बल्कि पुलिस और समुदाय के बीच सहयोग और भरोसे का भी परिचायक बनी।